



# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 37 अंक 39 | कोरबा, रविवार, दिनांक 09 नवंबर 2025 डाक 10 नवंबर 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



**विविधा**
राज्यपाल श्री रमेन डेका से आज राजभवन में जल संसाधन और कौशल विकास मंत्री केदार कश्यप ने सौजन्य भेंट की





**देश-विदेश**
ब्रिटिश जासूसों ने निज्जर हत्याकांड की जानकारी कनाडा को सौंपी थी, डाक्यूमेंट्री में किया गया दावा





**कोरिया पेज**
बारिश से फसल बर्बादः कांग्रेस ने मुआवजा देने की उठाई मांग




# देश में आतंकी हमले की साजिश नाकाम, गुजरात एटीएस ने आईएसआईएस के 03 टेररिस्ट को किया गिरफ्तार

**अहमदाबाद, 09 नवंबर [एजेंसी]।**

गुजरात आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने रविवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए आतंकवादी साजिश का पर्दाफाश किया। गांधीनगर के अडालज के पास आईएसआईएस के तीन संदिग्ध आतंकवादी पकड़े गए हैं। जानकारी सामने आई कि ये संदिग्ध आतंकवादी हथियारों का आदान-प्रदान करने के लिए गुजरात आए थे और देश के कई हिस्सों में हमले की योजना बना रहे थे। हालांकि, एटीएस को पहले ही उनकी गतिविधियों की भनक लग गई थी और इसके बाद वे लगातार रडार पर थे। पुख्ता जानकारी के




आधार पर एटीएस ने जाल बिछाया और तीनों संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार किए गए तीनों संदिग्ध आतंकवादी दो अलग-अलग मॉड्यूल से जुड़े हुए हैं। फिलहाल, एटीएस यह जांच कर रही है कि वे देश में किन-किन जगहों पर हमले की साजिश रच रहे थे। कुछ महीने पहले गुजरात में अल-कायदा से जुड़े चार संदिग्ध आतंकवादी पकड़े गए थे। ये सभी फेक करेंसी का धंधा चलाने और आतंकवादी संगठन की विचारधारा फैलाने में शामिल थे। एटीएस के अनुसार, ये सभी लंबे समय से आतंकवादी समूह से जुड़े हुए थे।

वे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अल-कायदा के संपर्क में आए थे। संदिग्ध आतंकवादियों की पहचान मोहम्मद फाइक, मोहम्मद फरदीन, सेफुल्लाह कुरैशी और जीशान अली के रूप में हुई थी। गुजरात एटीएस के डीआईजी ने एक बयान में कहा था, हमें यह पता चला कि मोहम्मद फाइक पाकिस्तानी शख्स के संपर्क में था और भारत में जिहादी गतिविधियों को फैलाने के तरीकों पर चर्चा कर रहा था। इसके बाद ये चारों एटीएस के रडार पर आए थे।

## 'हिंदू समाज अपने चरम पर है, दुनिया को एकजुट करना चाहता है': मोहन भागवत



**ब्रिस्बेन।** भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने ऑस्ट्रेलिया पर 2-1 से टी20 सीरीज़ जीतने के बाद एशिया कप 2025 की ट्रॉफी को लेकर चल रहे गतिरोध पर मज़ाकिया अंदाज़ में चुटकी लेते हुए कहा कि आखिरकार ट्रॉफी हाथ में लेकर बहुत अच्छा लगा। सूर्यकुमार की यह टिप्पणी गाबा में पाँचवें और आखिरी मैच के बारिश के कारण रद्द होने के बाद आई है। सूर्यकुमार ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, आखिरकार ट्रॉफी को छूकर बहुत अच्छा लग रहा है। जब मुझे सीरीज़ जीत की ट्रॉफी सौंपी गई तो मैंने इसे अपने हाथों में महसूस किया। कुछ दिन पहले, एक और ट्रॉफी भारत पहुँची। हमारी महिला टीम ने विश्व कप जीत लिया है। वह ट्रॉफी भी घर वापस आ गई है। यह बहुत अच्छा लग रहा है, और इस ट्रॉफी को छूकर भी अच्छा लग रहा है। भारत ने 2024 पुरुष टी20 विश्व कप जीतने के बाद से लगातार सातवीं सीरीज़ जीत के साथ टी20 में अपने दबदबे का सिलसिला जारी रखा। दक्षिण अफ्रीका और न्यूज़ीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर द्विपक्षीय सीरीज़ होने के साथ, तीन महीने बाद वे घरेलू मैदान पर अपना खिताब बचाएंगे। सूर्यकुमार आगे की रणनीति को लेकर पूरी तरह आश्वस्त हैं और कहते हैं कि टी20 क्रिकेट में आप कभी नहीं कह सकते कि सभी आधार तैयार हैं। मैं बहुत खुशकिस्मत हूँ कि मेरे पास अलग-अलग कौशल वाले ये सभी खिलाड़ी हैं।

### 10 करोड़...पाक को भेजे गए पैसे युवक गिरफ्तार, मचा हड़कंप

**सूरत।** अहमदाबाद पुलिस ने गुजरात के सूरत निवासी एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उस पर आरोप है कि उसने पाकिस्तान स्थिति साइबर जालसाज़ों के एक गिरोह को क्रिप्टोकरेंसी वॉलेट में 10 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए हैं। इस बात की जानकारी एक पुलिस अधिकारी ने एक न्यूज एजेंसी को दी। गुजरात पुलिस सीआईडी-क्राइम के साइबर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ने शनिवार को इसको लेकर एक विज्ञप्ति भी जारी किया है। जिसमें कहा गया है कि चेतन गंगानी को साइबर अपराध की आय को सफेद करने के लिए घोटालेबाजों द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे खच्चर बैंक खातों की चल रही जांच के तहत हिरासत में लिया गया है।

## ढूंढती रह गई पंजाब पुलिस, दुष्कर्म का आरोपी विधायक पठानमाजरा भागा ऑस्ट्रेलिया



**पटियाला।** दुष्कर्म मामले में आरोपी पंजाब के पटियाला जिले के सनौर हलके के आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक हरमीत सिंह पठानमाजरा विदेश भाग चुका है। पठानमाजरा देश छोड़कर ऑस्ट्रेलिया पहुंच गया है। पठानमाजरा को पंजाब पुलिस दो महीने से ढूंढ रही थी। ऑस्ट्रेलिया में पठानमाजरा ने एक निजी चैनल को इंटरव्यू दिया है। पठानमाजरा के इंटरव्यू को सोशल मीडिया पर सात नवंबर को अपलोड किया गया है। इसमें पठानमाजरा ने उन पर दर्ज केस को झूठा बताते हुए भगवंत मान सरकार पर जमकर हमला बोला है। पठानमाजरा ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान का पंजाब के मुद्दों पर कोई लेना-देना नहीं है। आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल जो कहते हैं मान वही करते हैं। सरकार में विधायकों की कोई औकात नहीं है। उनकी आवाज को दबाने के लिए सरकार ने यह सब किया है। सनौर हलके से आप विधायक हरमीत सिंह पठानमाजरा लगभग दो महीने से गायब है। पंजाब पुलिस उनको ढूंढ रही है। पठानमाजरा के खिलाफ दो हीने पहले पटियाला के थाना सिविल लाइन में दुष्कर्म का केस दर्ज हुआ था। मामले में जब पटियाला पुलिस की टीम विधायक को गिरफ्तार करने हरियाणा के करनाल के गांव डबरी पहुंची थी। वहां से पठानमाजरा पुलिस को चकमा देकर भाग निकला।

## मेरी जान को खतरा, सुरक्षा बढ़ाई गई, बिहार में चुनाव के बीच तेज प्रताप तेजस्वी पर कहा..



**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के दूसरे चरण के मतदान से पहले राजनीति गर्माती नजर आ रही है। इसी बीच पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे और आरजेडी के पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि मेरी सुरक्षा बढ़ा दी गई है क्योंकि मुझे खतरा है। ये लोग मुझे मरवा भी देंगे। सब दुश्मन लगे हुए हैं। तेजस्वी का जन्मदिन है। जन्मदिन की ढेरों शुभकामनाएं, उज्ज्वल भविष्य हो, आशीर्वाद है। चुनावी सरगर्मी के बीच केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय ने तेज प्रताप यादव को 'वाई प्लस' श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की है। इस सुरक्षा व्यवस्था के तहत अब वे CRPF जवानों के घेरे में रहेंगे। तेज प्रताप यादव को यह सुरक्षा प्रोटेक्शन लिस्ट के तहत दी गई है। हालांकि राजनीतिक हलकों में यह चर्चा है कि तेज प्रताप को दी गई सुरक्षा उनके भाजपा के प्रति बढ़ते झुकाव से जुड़ी हो सकती है। गृह मंत्रालय ने सुरक्षा दिए जाने की पुष्टि की है, लेकिन इस राजनीतिक अटकल पर अब तक किसी भी पक्ष की आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। गौरतलब है कि एक दिन पहले ही तेज प्रताप यादव ने भाजपा सांसद रवि किशन का खुलकर समर्थन किया था। उन्होंने कहा था, जो रोजगार देगा, मैं उसके साथ रहूंगा। पटना एयरपोर्ट पर तेज प्रताप यादव और भाजपा सांसद रवि किशन को साथ देखा गया था। इस दौरान रवि किशन ने तेज प्रताप की खुलकर तारीफ करते हुए कहा, इनके हृदय को सब लोग बहुत प्रेम कर रहे हैं। ये दिल वाले इंसान हैं, भोलेनाथ के भक्त हैं। भाजपा हमेशा उनके लिए सीना खोलकर खड़ी रहती है जिनका लक्ष्य सेवा है। इनकी छवि भी अब उसी रूप में सामने आ रही है। इस पूरे घटनाक्रम ने बिहार की चुनावी सियासत में नई हलचल मचा दी है। तेज प्रताप यादव के सुरक्षाकवच बढ़ने और भाजपा नेताओं से नजदीकी ने सियासी गलियारों में चर्चाओं को और तेज कर दिया है।

## अमेरिका और जॉर्जिया में दो गैंगस्टर गिरफ्तार भारत लाया जाएगा लॉरेंस बिश्नोई गैंग का भानु राणा



**नईदिल्ली 09 नवंबर [एजेंसी]।**

भारतीय सुरक्षा एजेंसियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी कामयाबी मिली है। हरियाणा पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों ने दो मोस्ट वांटेड गैंगस्टर वेंकटेश गर्ग को जॉर्जिया से और भानु राणा को अमेरिका से गिरफ्तार किया है। दोनों को जल्द ही भारत प्रत्यर्पित करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। वेंकटेश गर्ग को जॉर्जिया से और भानु राणा को अमेरिका से डिपोर्ट किया जाएगा।

दरअसल, भारत के दो दर्जन से से बड़े गैंगस्टर देश से बाहर हैं, नए लोगों की भर्ती कर रहे हैं और आपराधिक गिरोह चला रहे हैं। जांच एजेंसियों के अनुसार गैंगस्टर विदेशों में बैठकर भारत में अपने सिंडिकेट चला रहे हैं। इनमें गोल्डी बराड़, कपिल सांगवान, अनमोल बिश्नोई, हैरी बॉक्सर, हिमांशु भाऊ जैसे नाम शामिल हैं। ये गैंगस्टर पुर्तगाल, कनाडा, अमेरिका, इंग्लैंड और UAE जैसे देशों में सक्रिय हैं और भारत में अपराध की जड़ें मजबूत कर रहे हैं। वेंकटेश गर्ग हरियाणा के नारायणगढ़ का रहने वाला है। इसके खिलाफ हत्या, लूट और फिरौती के 10 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। वेंकटेश गुरुग्राम में बसपा नेता की हत्या में भी शामिल रहा है। वह फर्जी पासपोर्ट बनवाकर विदेश भाग गया और जॉर्जिया को अपना नया ठिकाना बना लिया। जांच एजेंसियों के अनुसार, वेंकटेश गर्ग जॉर्जिया से शूटरों की भर्ती कर रहा था। दिल्ली में हाल ही में हुई गोलीबारी में पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ में यह जानकारी सामने आई। वह सोशल मीडिया के माध्यम से युवाओं को पैसे का लालच देकर अपने गैंग में भर्ती कर रहा था।

गर्ग कपिल सांगवान के साथ मिलकर एक्सटॉर्शन का सिंडिकेट चला रहा है। भानु राणा हरियाणा के करनाल का रहने वाला है। जो लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ा हुआ है। भानु राणा हथियार सप्लाई का नेटवर्क संभालता है। करनाल STF ने उसके इशारे पर काम कर रहे दो लोगों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया था। उसका नेटवर्क हरियाणा, पंजाब और दिल्ली तक फैला हुआ है। राणा लंबे समय से अपराध की दुनिया में सक्रिय है और उसके खिलाफ कई मामले दर्ज हैं।

### दिल्ली के नरेला इलाके में केबल फैक्ट्री में लगी भीषण आग, चारों ओर फैला धुएं का गुबार



**बाहरी दिल्ली।** नरेला औद्योगिक क्षेत्र के जी-ब्लॉक स्थित केबल फैक्ट्री में रविवार सुबह साढ़े 10 बजे आग लग गई। आग फैक्ट्री की ऊपरी मंजिल पर लगी। बहुमंजिला इमारत में आग बुझाने के लिए इस्तेमाल होने वाली हाइड्रोलिक मशीन के अलावा दमकल की 10 गाडियां आग बुझाने में लगाई गई हैं। अभी किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। वहीं, आग किस वजह से लगी अब तक इसका पता नहीं चल सका है। सूचना पर आनन-फानन में पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची है और मामले की जांच कर रही है।

## उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन बेंगलुरु पहुंचे राज्यपाल थावर चंद गहलोत ने स्वागत किया



**बेंगलुरु।** कर्नाटक दौरे पर पहुंचे उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन का बेंगलुरु में गर्मजोशी से स्वागत किया गया है। सीपी राधाकृष्णन उपराष्ट्रपति का पदभार संभालने के लिए पहली बार कर्नाटक दौरे पर पहुंचे हैं। रविवार सुबह बेंगलुरु के येलहंका में स्थित एयरफोर्स स्टेशन पर उनका विमान उतरा, जहां राज्य के राज्यपाल थावर चंद गहलोत ने उपराष्ट्रपति का गर्मजोशी से स्वागत किया। केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी, शहरी विकास मंत्री सुरेश बीएस, सरकार की मुख्य सचिव शालिनी रजनीश और कर्नाटक के पुलिस महानिदेशक एमए सलीम ने भी एयरफोर्स स्टेशन पहुंचकर उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन का स्वागत किया। उपराष्ट्रपति को उनके आगमन पर गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया।

## तमिलनाडु ने नीलगिरी में प्लास्टिक की बोतलों पर रोक लगाने के लिए कड़ी की जांच




**चेन्नई।** तमिलनाडु राज्य परिवहन निगम (ऊटी क्षेत्र) ने नीलगिरी जिले में प्लास्टिक प्रतिबंध को सख्ती से लागू कराने के लिए नया निर्देश जारी किया है। अब ऊटी और नीलगिरी की ओर जाने वाली बसों में यात्री प्रतिबंधित प्लास्टिक की पेयजल और शीतल पेय की बोतल लेकर नहीं जा सकेंगे। शिकायत मिल रही थी कि प्रतिबंध के बावजूद यात्री अभी भी प्लास्टिक बोतलें लेकर पहाड़ी क्षेत्रों में जा रहे हैं। इसके बाद ऊटी क्षेत्र के तमिलनाडु राज्य परिवहन निगम महाप्रबंधक एम. जयशंकर ने सभी ड्राइवरों और कंडक्टरों को स्पष्ट आदेश दिया है कि वे यात्रियों को बस रवाना होने से पहले ही इसके बारे में बता दें। निर्देश में कहा गया है कि मेट्टूपालयम बस स्टैंड (कोयम्बटूर) से नीलगिरी की ओर जाने वाली सभी बसों में चालक और परिचालक यह सुनिश्चित करें कि कोई भी यात्री प्रतिबंधित प्लास्टिक सामान लेकर न जाए। बस स्टैंड के जिम्मेदार अधिकारियों को भी बसों की निगरानी करने को कहा गया है। आदेश में यह भी चेतावनी दी गई है कि यदि किसी कर्मचारी ने इस नियम का पालन नहीं कराया, तो उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। यह कदम नीलगिरी के पर्यावरण को सुरक्षित रखने और पर्यटन मार्गों पर फैलने वाले कचरे को कम करने के लिए उठाया गया है। प्रशासन कई वर्षों से इस क्षेत्र में प्लास्टिक पर कड़ा प्रतिबंध लागू कर रहा है।

## पाकिस्तान ने संविधान में किया संशोधन, आसिम मुनीर को बनाया कमांडर ऑफ डिफेंस फोर्सेज

**कराची, 09 नवंबर [एजेंसी]।**



पाकिस्तान से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। पाक सरकार ने रातोंरात अपने संविधान में संशोधन के लिए एक अहम बिल पेश किया है, जिसके तहत एक नया पद बनाया जाएगा। इस पद की जिम्मेदारी किसी और को नहीं, बल्कि पाक आर्मी चीफ आसिम मुनीर को सौंपी जाएगी। पाकिस्तान सरकार द्वारा प्रस्तावित इस नए पद का नाम रक्षा बलों के प्रमुख है। इस नए संशोधन विधेयक के तहत राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की सलाह पर आसिम मुनीर को इस पद पर नियुक्त करेंगे। यह नया पद बनाने के लिए पाकिस्तान संविधान के अनुच्छेद 243 में संशोधन करने वाला है, जिसके लिए संसद में 27वां संशोधन बिल प्रस्तुत किया है। पाक सरकार का कहना है कि सेना के बीच बेहतर सामंजस्य स्थापित करने के लिए यह पद बनाया जा रहा है, जिससे तीनों सेनाएं (थल सेना, नौसेना और वायु सेना) सिंगल कमांड के अंतर्गत काम कर सके। आमतौर पर आर्मी चीफ को ही चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज बनाया जाता है। प्रधानमंत्री और राष्ट्रीय रणनीतिक कमांड की सलाह पर राष्ट्रपति इसकी नियुक्ति करते हैं।

चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज को तीनों सेनाओं का प्रमुख भी कहा जाता है। पाकिस्तान की मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ऑपरेशन सिंदूर में 4 दिनों तक भारत के हाथों मुंह की खाने के बाद पाकिस्तान ने यह सबक लिया है। पिछले महीने एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने बताया था कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एफ-16 फाइटर जेट समेत पाकिस्तान के कई सैन्य लड़ाकू विमान धराशायी हो गए थे।आखिर में पाकिस्तान ने लड़ाई रोकने की गुजारिश की, जिसके बाद भारत ने हमले बंद कर दिए थे।

### पूर्व सभासद हामिद अली की गोली मारकर हत्या, रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला शव

**एटा।** शहर कोतवाली क्षेत्र में पूर्व सभासद मारहरा गेट निवासी हामिद अली उर्फ पप्पू की गोली मारकर हत्या कर दी गई। उनका शव कल रात 10 बजे रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला है। पूर्व सभासद के तीन गोलियां मारी गई हैं। पूर्व सभासद के भाई कफील अहमद हैं जो वर्तमान में सभासद हैं। घटना के पीछे प्रापर्टी के विवाद की आशंका व्यक्त की गई है। मृतक के घर भारी भीड़ उमड़ी है। बताया गया है कि हामिद अली रात नौ बजे खाना खाकर टहलने के लिए निकले थे। हत्या के बाद घर में कोहराम मचा है।


**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


## राहुल ने पचमढ़ी में की जंगल सफारी, बोले- बीजेपी ने एमपी में भी वोट चोरी की, एसआईआर से कर रहे कवर

**भोपाल, 09 नवंबर [एजेंसी]।**



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी रविवार सुबह पचमढ़ी की खूबसूरत वादियों में जंगल सफारी के लिए निकले। दो दिनों से मध्यप्रदेश के हिल स्टेशन पर प्रवास कर रहे राहुल गांधी ने प्राकृतिक सौंदर्य का लुत्फ उठाया। रविवार सुबह राहुल गांधी का काफिला रविशंकर भवन से रवाना हुआ। जानकारी के अनुसार, जंगल सफारी का कार्यक्रम शनिवार देर रात लगभग 11 बजे तय किया गया था, जिसके बाद रातभर तैयारी की गई। सुबह काफिला पनारपानी गेट पहुंचा, जहां से राहुल गांधी और जीतू पटवारी ने जिप्सी में बैठकर सफारी शुरू की। इस दौरान राहुल गांधी ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि हरियाणा में 25 लाख वोट चोरी हुई है। उस डाटा को देखने के बाद लग रहा है कि यही मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ में भी हुआ है। अब एसआईआर के जरिए उसको कवर करने की कोशिश की जा रही है। राहुल ने कहा कि हमारे पास डिटेल में जानकारी हैं, धीरे धीरे उसका उसका भी खुलासा करेंगे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र पर आक्रमण हो रहा हैं। बाबा साहब के संविधान पर आक्रमण हो रहा है। अमित शाह जी, मोदी जी और ज्ञानेश जी साथ में मिलकर यह कर रहे हैं। इससे देश का बहुत बड़ा नुकसान हो रहा है। भारत माता का नुकसान हो रहा हैं। जंगल सफारी के लिए सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए थे। सफारी दल में पांच जिप्सी और एक फॉरेस्ट कैंपर वाहन शामिल रहा। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के सहायक संचालक संजीव शर्मा और रेंजर विवेक तिवारी भी दल के साथ मौजूद रहे। पनारपानी गेट से शुरू हुई सफारी में घोड़ानाल, बतकछार, नीमघान और पनारपानी जैसे प्रमुख पॉइंट शामिल थे। इससे पहले शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मध्यप्रदेश के नव-नियुक्त जिलाध्यक्षों से संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और ईमानदारी से कार्य करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं को ऐसा जीवन जीना चाहिए कि कोई उन्हें ब्लैकमेल न कर सके।

राहुल गांधी पचमढ़ी में आयोजित 'संगठन सृजन अभियान' शिविर में शामिल हुए, जिसमें प्रदेश के 71 नव नियुक्त जिलाध्यक्ष भाग ले रहे हैं। शिविर का उद्देश्य कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाना है।एक कांग्रेस नेता ने बताया कि राहुल जी ने कहा कि हमें बूथ स्तर तक पहुंचना चाहिए, अपने छोटे से छोटे कार्यकर्ता का सम्मान करना चाहिए और अहंकार को दूर रखकर निरंतर क्षेत्र का भ्रमण करना चाहिए, ताकि विधानसभा और लोकसभा चुनावों में जीत सुनिश्चित की जा सके। राहुल गांधी ने शिविर में शामिल जिलाध्यक्षों और उनके परिवारों के साथ भोजन भी किया। इस दौरान उन्होंने कुछ उदाहरण देते हुए कहा कि जो नेता अनुचित तरीकों से संपत्ति अर्जित करते हैं, वे अंततः सरकार के सामने झुकने को मजबूर हो जाते हैं।



## एसईसीएल दीपका क्षेत्र में अंतर क्षेत्रीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता हुई संपन्न

**कोरबा ।** कोरबा-पश्चिम एसईसीएल-दीपका क्षेत्र के द्रोणाचार्य इनडोर स्टेडियम में 04 से 06 नवंबर 2025 तक आयोजित अंतर क्षेत्रीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता 2025-26 का सफल समापन हो गया। तीन दिवसीय इस स्पर्धा में एसईसीएल की कुल 14 एरिया की टीमों ने प्रतिभाग कर दमदार खेल का प्रदर्शन किया।

फाइनल मुकाबले में टीम चैंपियनशिप का खिताब एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर की टीम ने अपने नाम किया, जबकि बिश्रामपुर क्षेत्र उपविजेता रहा। विजेता और उपविजेता टीमों को मुख्यालय बिलासपुर के महाप्रबंधक (कल्याण) जी. श्यामला राव तथा दीपका क्षेत्र के महाप्रबंधक (संचालन) संजीव कुमार द्वारा पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता के दौरान दीपका क्षेत्र सहित सभी क्षेत्रों के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल भावना का प्रदर्शन किया। ओपन की विभिन्न कैटेगरी में भी खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिन्हें समापन समारोह में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाप्रबंधक (कल्याण) जी. श्यामला राव रहे। खिलाड़ियों ने आयोजन की व्यवस्था और सुचारू संचालन के लिए दीपका क्षेत्र की आयोजन समिति की सराहना की।

समापन समारोह में विभिन्न विभागाध्यक्ष, संयुक्त सलाहकार समिति, क्षेत्रीय कल्याण समिति, क्षेत्रीय सुरक्षा समिति, प्रोजेक्ट की संयुक्त सलाहकार समिति के सदस्य, अधिकारी और कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

विशिष्ट अतिथियों में कंपनी संचालन समिति से अजय विश्वकर्मा, गोपाल नारायण सिंह, ए.के. पांडेय, कंपनी कल्याण मंडल से महेंद्र पाल सिंह, बजरंगी शाही, राजेश सिंह, प्रीतम नाथ पाठक, अमृत लाल विश्वकर्मा, पी. चन्द्रकांत, कंपनी सुरक्षा समिति से संजय सिंह, बी. धर्माराव, एसोसिएशन से आर.पी. खांडे, ए.आर. सिदार, ओ.पी. नवरंग, ए. विश्वास, अनिरुद्ध चंद्रा, मंगला सिंह यादव सहित अनेक प्रतिनिधि उपस्थित थे।



## ग्राम सुतर्रा के पास मंडी टीम ने की बड़ी कार्यवाही

**कोरबा ।** कोरबा जिला कलेक्टर अजीत बसंत के निर्देशानुसार मंडी सचिव नारायण पटेल, उपनिरीक्षक आकाश भारद्वाज और दिनेश कुमार की संयुक्त टीम द्वारा की गई कार्यवाही में अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 50 बोरी धान (लगभग 20 क्विंटल) जब्त किया गया हैं।

निरीक्षण के दौरान टीम को सूचना मिली थी कि ग्राम सुतर्रा के पास एक वाहन में धान बिना मंडी अनुमति पत्र के परिवहन किया जा रहा है। कार्रवाई के दौरान टीम ने वाहन को रोका, वाहन चालक ने पूछताछ में बताया कि यह धान ग्राम रंजना से कटघोरा राइस मिल ले जाया जा रहा था। मंडी अधिनियम के तहत यह परिवहन नियमों का उल्लंघन पाया गया। इस पर टीम ने मौके पर ही धान की 50 बोरियां जब्त कर लीं और संबंधित सामग्री को सुपुर्दगी पंचनामा तैयार कर पुलिस पोस्ट सुतर्रा में सुरक्षित रखवा दिया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में बिना वैध दस्तावेजों के धान या किसी भी कृषि उपज का परिवहन सख्त वर्जित है। आगामी दिनों में भी मंडी विभाग और प्रशासन की संयुक्त टीमें निरंतर निगरानी रखेंगी, ताकि अवैध खरीदी या परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके।

## कैबिनेट मंत्री ने सर्वमंगला मंदिर के समीप हसदेव नदी में साढ़े 48 लाख रूपये के घाट निर्माण की रखी आधारशिला

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य, श्रम, आबकारी व सार्वजनिक उपक्रम मंत्री सह कोरबा नगर विधायक लखनलाल देवांगन ने नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 62 स्थित सर्वमंगला मंदिर के समीप हसदेव नदी में 48 लाख 53 हजार रूपये की लागत से निर्मित होने जा रहे घाट व पहुंच मार्ग निर्माण की आज आधारशिला रखी। उक्त महत्वपूर्ण स्थल पर नागरिकों की घाट निर्माण की बहुप्रतीक्षित मांग कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन की पहल पर पूरी हुई, तो वहीं उक्त कार्य सहित वार्ड क्र. 62 व 65 में कुल साढ़े 76 लाख रूपये की लागत वाले विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन के द्वारा किया गया। नगर पालिक निगम कोरबा के सर्वमंगला नगर जोनांतर्गत वार्ड क्र. 62 में सर्वमंगला मंदिर के समीप हसदेव नदी पर घाट निर्माण की बहुप्रतीक्षित मांग आज पूरी हुई। कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन ने साढ़े 48 लाख रूपये की लागत से निर्मित होने जा रहे उक्त घाट व पहुंच मार्ग निर्माण की आधारशिला रखी। कार्यक्रम में महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत के साथ ही नमामि सेवा समिति के प्रमुख चन्द्रकिशोर श्रीवास्तव, रणधीर पाण्डेय, मनोज लहरे, वरिष्ठ पार्षद नरेन्द्र देवांगन, भानुमति जायसवाल, आरती लखन साहू, रामाधार पटेल, प्रेम साहू आदि विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने घाट निर्माण कार्य स्थल का जायजा लिया तथा पूरी गुणवत्ता के साथ कार्य करते हुए समयसीमा में घाट का निर्माण पूरा किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने इस मौके पर कहा कि विभिन्न धार्मिक अवसरों व त्यौहारों जैसे छठ पर्व, दीपावली, देव दीपावली, महाशिवरात्रि, कनकेश्वर धाम यात्रा आदि अवसरों पर श्रद्धालुओं व आमनागरिकों को पूजा पाठ, स्नान, दान व जल एकत्रित करने में यहाँ पर असुविधा होती थी, नागरिकों द्वारा लंबे समय से घाट निर्माण की मांग की जा रही थी, यह मेरा सौभाग्य है कि आज मेरे हाथों घाट निर्माण के कार्य का शुभारंभ हो रहा है तथा देवतुल्य जनताजनार्दन की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हो रही है। कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने अपने उद्बोधन में आगे कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अगुवाई में राज्य सरकार प्रदेश में सुशासन स्थापित करने व छत्तीसगढ़ को सम्पूर्ण विकसित राज्य बनाने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है, उन्होने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसा सशक्त नेतृत्व हमारे देश को मिला है, जिनके मार्गदर्शन में सम्पूर्ण देश के साथ-साथ हमारा छत्तीसगढ़ भी विकास की दिशा में तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है, उन्होने कहा कि विगत 11 वर्षो के दौरान प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विश्व पटल पर भारत को जो प्रतिष्ठा व सम्मान दिलाया

# गौवंश संरक्षण के लिए कोरबा में गौ सेवा समिति की हुई पहली बैठक,विचार विमर्श

**कोरब।** छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग रायपुर के मार्गदर्शन में कोरबा जिले की गौ सेवा समिति की प्रथम बैठक जिला अध्यक्ष श्री विनय सिंह राठिया की अध्यक्षता में उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं, जिला कोरबा के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक का संचालन प्रभारी उपसंचालक डॉ. मयंक गोस्वामी ने किया।

बैठक में प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अंतर्गत गौवंश के संरक्षण और संवर्धन हेतु गौ सेवा धाम संचालित करने के प्रस्ताव पर विस्तार से चर्चा की गई। योजना के तहत प्रत्येक विकासखंड में 10 गौ सेवा धाम संचालित किए जाएंगे, जिनमें घूमंतू एवं निराश्रित गौवंशों को सुरक्षित रखा जाएगा। इसके लिए जिला एवं विकासखंड स्तर पर गौ सेवा समितियों का गठन किया गया है, जिनमें सरकार के प्रतिनिधियों सहित अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति पशुधन विकास विभाग द्वारा की गई है।

बैठक में जिला समिति के अध्यक्ष श्री विनय सिंह राठिया ने कहा कि सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना को धरातल पर उतारने के लिए प्रथम चरण में गौ सेवा धाम हेतु स्थल चिन्हांकन किया जाएगा। इसके संचालन के लिए स्वयंसेवी समूहों की वास्तविक स्थिति और निर्धारित मापदंडों पर पशुधन विकास विभाग की चिकित्सकीय टीम द्वारा शीघ्र प्रतिवेदन तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस योजना




के प्रति उदासीनता या नकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने वाले किसी भी विभागीय अमले के प्रति सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रथम चरण में राष्ट्रीय एवं प्रदेश राजमार्गों के निकट स्थित गौठानों को प्राथमिकता देते हुए चयन करने के निर्देश दिए गए हैं। इस योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, नगर निगम आयुक्त, अनुविभागीय अधिकारी एवं जिला पंचायत सीईओ को समिति में सदस्य बनाया गया है ताकि संचालन में किसी भी प्रकार की बाधा न आए। अन्य जिलों की तरह कोरबा में भी शीघ्र समन्वय बैठक आयोजित कर कार्यक्रम को गति देने पर बल दिया गया।

बैठक में जिला समिति के सदस्य श्री विजय अग्रवाल, श्री रामशरण तंवर, श्री देवी गोपाल, श्री शिवप्रकाश, करतला खंड अध्यक्ष श्री मारुति पटेल, कटघोरा खंड अध्यक्ष श्री गुरमीत सिंह सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी प्रतिनिधियों ने इस योजना को सफल बनाने के लिए पूर्ण समर्पण और ऊर्जा के साथ कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## कुंए में मिलीमहिला की लाश , मचा हड़कप

**कोरबा।** कोरबा के बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत नेहरू नगर में एक कुएं के भीतर महिला की लाश मिलने से हड़कंप मच गया है, सुबह बस्ती के लोगों ने जब कुएं में देखा तो महिला की लाश तैरते हुई दिखाई दी । घटना की जानकारी बालको पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव को कुएं से बाहर निकाला गया । मृतका की पहचान अमृता बाई पटेल के रूप में हुई है जो नेहरू नगर क्षेत्र में किराए के मकान में रहती थीं. लोगो ने बीती रात महिला को देखा था।

संभावना जताई जा रही है कि महिला रात के अंधेरे में कुएं में गिर गई होगी जिससे उसकी मौत हो गई होगी । मृतक नेहरू नगर में किराए के मकान में रहती थीं बहरहाल बालको पुलिस द्वारा पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया गया है।

## मुड़ापार बायपास एक दशक से डस्ट से पटा, लोगों ने बनाई दूरी

**कोरबा ।** शहर से इमलीडुग्गू चौक तक वाहनों की आवाजाही के लिए बनी मुड़ापार बायपास पर मानिकपुर रेलवे फाटक से स्टेशन के सेकंड एंट्री के आगे कोल साइडिंग मोड़ तक सड़क डस्ट से पटा पड़ा है। इसकी वजह से भारी वाहन के गुजरते ही मार्ग पर धूल का गुबार छा जाता है।

यही कारण है कि शहरवासियों ने उक्त बायपास सड़क से दूरी बना ली है। शहर के घंटाघर-निहारिका समेत जिला मुख्यालय की ओर से इमलीडुग्गू चौक, जो अब गौमाता चौक के नाम से जाना जाता है, उस ओर आवाजाही के लिए राहगीर ट्रांसपोर्टनगर से सुनालिया चौक होते हुए गुजरते हैं। इसकी वजह से सुनालिया पुल पर दिनभर रुक-रुककर जाम लगता है। शहर में नो एंट्री सिस्टम लागू होने के बाद अब सुबह से रात तक मुड़ापार बायपास में भारी वाहनों का दबाव कम होने और ट्रांसपोर्टनगर से इमलीडुग्गू जाने की अपेक्षा बायपास से 2 किमी की दूरी कम होने के बाद भी राहगीर धूल के गुबार के डर से उक्त मार्ग का इस्तेमाल नहीं कर रहे हैं। डस्ट के कारण ही रेलवे के सेकंड एंट्री की ओर टिकट घर व पार्किंग की सुविधा शुरू होने के बाद भी यात्रियों की संख्या नहीं बढ़ सकी है। मुड़ापार बायपास का इस्तेमाल हो सके और सुनालिया पुल के साथ-साथ संजय नगर फाटक पर यातायात का दबाव कम हो सके, इसके लिए प्रशासन-पुलिस भी ठोस पहल नहीं कर रही है।

सर्वमंगला चौक से उरगा और बलौदा की ओर जाने सर्वमंगला नहर बायपास बनने के बाद से कोयलांचल से शहर के भीतर से गुजरकर उरगा होते गंतव्य की ओर आवाजाही करने वाले भारी वाहनों का दबाव कम हो गया है। वहीं सुबह से रात 10 बजे तक नो एंट्री लगे होने से सीएसईबी चौक व इमलीडुग्गू चौक की ओर से भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक है। इस कारण नो एंट्री के टाइमिंग तक बायपास पर यातायात का दबाव नहीं रहता है,

## प्रशासनिक कार्यों में गति और पारदर्शिता हेतु कोरबा में ई-ऑफिस कार्यप्रणाली का प्रशिक्षण आयोजित



**कोरबा।** जिले के विभिन्न शासकीय विभागों में आधुनिक एवं पारदर्शी पद्धति से कार्य संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में ई-ऑफिस कार्यप्रणाली पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई।

सामान्य प्रशासन विभाग से आए प्रोजेक्ट इंजीनियर श्री हिमांशु तम्बोली, श्री जावेद अख्तर तथा जिला सूचना विज्ञान अधिकारी श्री हेमंत जायसवाल ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से ई-ऑफिस प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी।कलेक्टर ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर्स ने बताया कि ई-ऑफिस प्रणाली के तहत ई-फाइल सिस्टम लागू किया जाएगा, जिससे शासकीय कार्यों में गति, पारदर्शिता और प्रभावशीलता बढ़ेगी। इस प्रणाली के माध्यम से नस्तियों का संचालन त्वरित होगा, साथ ही समय और कागज की बचत भी सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि ई-फाइल की ट्रैकिंग सुविधा से यह आसानी से ज्ञात किया जा सकेगा कि कोई फाइल कहां लंबित है, जिससे कार्य संस्कृति में जवाबदेही बढ़ेगी। ई-फाइल निर्माण हेतु विंडोज 10 और स्कैनर अनिवार्य होगा। फाइलें केवल यूनिकोड फॉन्ट में टाइप की जाएंगी, कृति देव फॉन्ट का उपयोग नहीं किया जाएगा। फेयर ई-फाइल हरे रंग की होगी और इसे डिलीट नहीं किया जा सकेगा। ई-फाइल में आवश्यक दस्तावेज संलग्न किए जा सकेंगे तथा इसे ई-साइन या डिजिटल सिग्नेचर से प्रमाणित किया जाएगा। कार्यशाला में ट्रांसफॉर्मेशनल जर्नी, फाइल मैनेजमेंट सिस्टम, नॉलेज मैनेजमेंट सिस्टम और आउटकम आधारित प्रशासन जैसे विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर श्री ओंकार यादव, एनआईसी अधिकारी श्री हेमंत जायसवाल सहित विभिन्न शासकीय विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने ई-ऑफिस प्रणाली को प्रभावी रूप से लागू करने की प्रतिबद्धता जताई, जिससे प्रशासनिक कार्यों में डिजिटल परिवर्तन और सुशासन को नई दिशा मिलेगा।

## गवर्नमेंट हाई स्कूल अरदा की छात्राओं को दी गई साइकिल



**कोरबा।** गवर्नमेंट हाई स्कूल अरदा में अध्ययनरत हाई स्कूल की छात्राओं को शासन की सरस्वती साइकिल योडजना के तहत साइकिल वितरण किया गया। मुख्य अतिथि सरपंच स्नेहा तंवर, विशिष्ट अत्थि एसएमडीसी अध्यक्ष बनवाली प्रजापति, जनपद सदस्य श्रवण कुमार तंवर, एसएमडीसी सदस्य डॉ.महंत ने छात्राओं को साइकिल प्रदान की। इस मौके पर छात्रों द्वारा स्कूल में आकर्षक रंगोली बनाई गई थी। जिनमें व्याख्याता मंजुला श्रीवास्तव ने सहयोग किया। एसएमडीसी के अध्यक्ष ने छात्रों को लगन के साथ पढ़ाई करने व मोबाइल से दूर रहने प्रोत्साहित किया। प्राचार्य तिर्की ने छात्रों को मन लगाकर पढ़ने के लिए प्रेरित किया। अतिथियों ने स्कूल का अवलोकन किया। इस अवसर पर सभी शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रसायन शास्त्र के व्याख्याता प्रकाश पड़वार व धन्यवाद ज्ञापन एमएस कंवर ने किया।

## छात्रों ने एचटीपीएस का शैक्षणिक भ्रमण किया



**कोरबा।** ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल ने छात्रों में बौद्धिक विकास के लिए उन्हें शैक्षणिक भ्रमण कराया। भ्रमण का यह कार्यक्रम एचटीपीएस (हेवी थर्मल पावर स्टेशन) कोरबा में किया गया।

इसमें स्कूल के वरिष्ठ वर्ग के छात्रों ने भाग लिया और विद्युत उत्पादन की वास्तविक प्रक्रिया को नजदीक से देखा और समझा। भ्रमण के दौरान छात्रों ने जाना कि कोयला, पानी और हवा की सहायता से विद्युत कैसे उत्पन्न की जाती है। किस प्रकार कोयले से उत्पन्न उष्मा से भाप तैयार की जाती है और उस भाप से टरबाइन व जनरेटर को चलाकर विद्युत उर्जा का उत्पादन किया जाता है। छात्रों ने आधुनिक मशीन नियंत्रण कक्ष को भी देखा, जहां कम्प्यूटर की सहायता से सभी यंत्र जैसे जनरेटर, टरबाइन, वाटर पंप, तापमान, जल दबाव नियंत्रण प्रणाली को संचालित किया जाता है। मौके पर मौजूद इंजीनियरों ने छात्रों को निगरानी प्रक्रिया के बारे में भी बताया।

## राष्ट्रगीत वंदेमातरम की 150वीं वर्षगांठ मनाई

**कोरबा।** वंदेमातरम राष्ट्रगीत की 150 वीं वर्षगांठ पर हाई स्कूल विजयनगर में मनाया गया। कार्यक्रम में मिडिल बिंझरा विजयनगर के छात्रों ने वंदेमातरम राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रधान पाठक सर्वेश सोनी ने इस राष्ट्रीय गीत की समय-सीमा, गायन के विभिन्न अपनाए गए तौर तरीकों के साथ विशुद्ध व प्रथम बार गाए गए बंकिमचंद्र चटर्जी



रचित व हिन्दुस्थान में क्रांति लाने वाले ओरिजनल गीत से अवगत कराया। उन्होंने राष्ट्रगान जन-गण-मन व राष्ट्र गीत वंदे मातरम के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। प्राचार्य नीलू अवस्थी ने सभी छात्र छात्राओं को तिरंगा झंडा प्रदान करते हुए इसके गरिमा व मान सम्मान की रक्षा के लिए सतत काम करते रहने का आह्वान किया।

## आम आदमी पार्टी ने राज्य सरकार के खिलाफ किया हल्ला बोल आंदोलन



**कोरबा।** आम आदमी पार्टी द्वारा बिजली दर की वृद्धि, मानव - हाथी संघर्ष व किसानो के जमीन का रकबा कम किए जाने के विरोध में जिला कोरबा के तहत रामपुर विधानसभा के करतला बस स्टैंड में विशाल धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष रिचर्ड डेविड लोगन ने बताया कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार को आम जनता की परेशानी से कोई सरोकार नही है, परेशानी कम होने के बजाय बढ़ती जा रही है, छत्तीसगढ़ की जनता अनाप शनाप बढ़ा हुआ बिजली के बिल से त्रस्त हो चुकी है। जनता को हो रही है, कोरबा मे हांथी से जान माल का नुक्सान भारी तदात मे हो रहा है, अब जमीन का रकबा कम करके किसानों छला जा रहा है, आम जनता से जुड़ी इन सभी परेशानियों को गंभीरता से लेकर आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ द्वारा 8 नवंबर शनिवार को विशाल धरना प्रदर्शन कर कलेक्टर/एसडीएम के द्वारा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

जग लाल राठिया ने कहा कि छत्तीसगढ़ एक बिजली सरप्लस राज्य है, आम जनता को सस्ती बिजली मिलने के बजाय बिजली महँगी करना समझ से परे है। कहा जा रहा है कि वितरण कंपनी को घाटा हो रहा था इस कारण बिजली दर बढ़ाई गयी है।सरकार जानबूझकर गलत डाटा पेश कर रही है, सरकार भ्रष्टाचार कर रही है निजी उद्योगपतियों से बिजली खरीदने का और उनको फायदा पहुँचाने की नीति है।सरकार वितरण कंपनी की लागत कम करें। पानी हमारा, कोयला हमारा, जमीन हमारा, उत्पादन हमारा तो बिजली की कीमत ज्यादा क्यों सरकार लाइन लॉस 15-20 बताती है जबकि 3% से ज्यादा लाइन लॉस नहीं होता है। प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि बड़े-बड़े व्यापारियों का, नेताओं का करोड़ों रुपयों का बिजली बिल बकाया है। उनसे वसूली ना कर सरकार गरीब लोगों को परेशान कर रही है। बिल में हर माह ऊर्जा प्रभार के साथ अनेक गैरजरुरी चार्ज लिए जातें हैं।विद्युत कंपनी छत्तीसगढ़ की जनता की जेब काटने का काम कर रही है.

बिजली बिल में बढ़ोतरी के विरोध में किसान आंदोलन कर रहे हैं, खासकर बिजली (संशोधन) विधेयक 2025 के मसौदे को लेकर; वहीं, हाथी और इंसानों के बीच संघर्ष में मौतें बढ़ी हैं।हांथी और इंसान के बीच प्रति वर्ष हो रहे संघर्ष को कम करने के लिए सरकार कोई ठोस उपाय नही कर रहा, किसानों की जमीन का रकबा कम करके और भी परेशानी बढ़ा दी है, ऐसी निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकना चाहिए, इस दौरान धरना प्रदर्शन में , प्रदेश अध्यक्ष महिला विंग मिथिलेश बघेल, पामगढ़ विधानसभा प्रभारी ललित बघेल, संयुक्त प्रदेश सचिव प्रतिमा सिन्हा ,लोकसभा सचिव शत्रुघन साहू, लोकसभा उपाध्यक्ष भूषण कुर्रे, जिला कोषाध्यक्ष सोमराज, संतोष गभेल, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित रहे.

## जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा शहर द्वारा स्व. नंदकुमार पटेल की जयंती पर उन्हे याद किया गया

**कोरबा ।** जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा शहर के द्वारा टी. पी. नगर कोरबा में स्व. नंदकुमार पटेल की जयंती कार्यक्रम आयोजित कर उन्हे याद किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्व. नंदकुमार पटेल की तैल चित्र पर माल्यापर्ण कर उन्हे श्रद्धांजलि देते हुए नमन किया गया तत्पश्चात् नंद कुमार पटेल के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने नन्द कुमार पटेल को छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की जवाबदारी दी। उन्होने अपने कार्यकाल के दौरान परिवर्तन यात्रा का कार्यक्रम बनाया था उसी दौरान सुकमा के पास झीरम घाटी में 25 मई 2013 को नक्सली हमले में शहीद हो गए। यह नक्सली हमला देश व प्रदेश का सबसे बड़ा नक्सली हमला था। इस घटना में 31 लोग शहीद हुए थे।




जिला कांग्रेस अध्यक्ष नत्थुलाल यादव ने स्व. नंदकुमार पटेल को नमन करते हुए कहा कि किसी परिवार के मुखिया के जाने का दु:ख क्या होता है यह महेन्द्र कर्मा, नंद कुमार पटेल, दिनेश पटेल, विद्या चरण शुक्ला, उदय मुदलियार, योगेन्द्र शर्मा सहित घटना में शहीद हुए लोगों के परिवार ही जानते हैं।पूर्व सभापति श्यामसुंदर सोनी ने कहा कि घटना में शहीद हुए नेतागण छत्तीसगढ़ की पहचान थे जो कांग्रेस पार्टी का नेतृत्व करते थे और प्रदेश की राजनिति मे उनका दबदबा था पर झीरम घाटी कक्षी नक्सली हिंसा में सबकुछ तबाह हो गया नक्सलियों की गोलियां ने उन परिवारों को अनाथ कर दिया जिनके चेहरे देखकर बच्चे विश्वास के साथ बड़े हो रहे थे। उन शहीदों के सपनों को पुरा करने का हम सब का कर्तव्य है।

प्रदेश कांग्रेस सचिव बी. एन. सिंह ने कहा कि नंद कुमार पटेल का जन्म 8 नवम्बर 1953 को नंदेली ग्राम में हुआ था। जिनका बाल्यकाल से ही गांव व गांव वालों की सेवा में रूचि थी। कांग्रेस पार्टी से खरसिया विधानसभा क्षेत्र से लगातार विजय प्राप्त करते रहे और अविभाजित म.प्र. तथा छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री के पद पर कार्य करते हुए छत्तीसगढ़ की सेवा में जुटे रहे।

ब्लॉक अध्यक्ष संतोष राठौर, पार्षद मुकेश राठौर, सुकसागर निर्मलकर, रवि चंदेल, अविनाश प्रेमलता बंजारे, अवधेश लाठिया, अनिल कुमार, सुरेश कुमार अग्रवाल आदि ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा जानबुझ कर इन नेताओं की सुरक्षा पर लापरवाही बरती गई। सात वर्ष पूर्व माओवादियों ने देश के सबसे बड़े नरसंहार को अंजाम दिया था, उसके निशान आज भी झीरम घाटी पर मौजूद है। झीरम घाटी से लगे दरभा गांव के लोग तथा कांग्रेस परिवार के लोग घटना को याद करके आज भी सिहर उठते हैं। कार्यक्रम के अंत में दो मिनट का मौन धारण कर नंद कुमार पटेल को श्रद्धांजलि देते हुए उन्हे याद किया गया।

# कैप्सूल वाहन बाइक सवार युवकों को ठोंका, एक की मौत

## ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग पर चक्का जाम किया

**जांजगीर-चांपा ।** जिले के नरियरा गांव में 9 नवंबर की सुबह एक तेज रफ्तार कैप्सूल वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद चालक वाहन सहित फरार हो गया।यह घटना मुलमुला थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार, नरियरा निवासी अतुल साहू अपने एक साथी के साथ बाइक पर जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार कैप्सूल वाहन ने लापरवाही से चलाते हुए उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर गिर गए।

हादसे में अतुल साहू की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। उनके साथी को गंभीर हालत में स्थानीय लोगों की मदद से बिलासपुर रेफर किया गया है।

**समझाइश देकर मामला शांत कराया**

घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने जांजगीर से बिलासपुर मुख्य मार्ग पर चक्का जाम कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक



कलेक्टर, एसपी या डीएसपी जैसे बड़े अधिकारी मौके पर नहीं आते, तब तक शव को पोस्टमॉर्टम के लिए नहीं भेजा जाएगा। वे लगातार हो रहे तेज रफ्तार हादसों पर प्रशासन की निष्क्रियता से भी नाराज हैं।

मुलमुला पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई है और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई कर रही है। पुलिस ग्रामीणों को समझाने का प्रयास कर रही है ताकि चक्का जाम समाप्त हो सके और यातायात बहाल हो।



## अंडर-14: जिले की टीम फाइनल में पहुंची

**जांजगीर।** छत्तीसगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतर जिला अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट में जांजगीर-चांपा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बना ली। सेमीफाइनल में टीम ने धमतरी को 11 रनों से हराया। फाइनल मुकाबला कल रायगढ़ जिले के भिलाई सेक्टर-1 स्थित क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा। सेमीफाइनल में धमतरी ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। जांजगीर-चांपा की शुरुआत कमजोर रही, ओपनर अनुनय और कप्तान मोहम्मद असद जल्दी आउट हो गए। अमन उरांव के 49 रन और दीपेंद्र राय के 22 रन से टीम ने 137 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए धमतरी टीम संभल नहीं सकी और जांजगीर-चांपा ने 11 रनों से जीत दर्ज की। गेंदबाजी में मोहम्मद असद ने 5 विकेट, हर्षित और अमन उरांव ने 2-2 विकेट और सुयश ने 1 विकेट लिया। टीम के कोच आदित्य यादव और मैनेजर अनंग प्रताप सिंह ने रणनीति और संयोजन पर विशेष ध्यान दिया।

# जिला अस्पताल में होगी क्रॉस वेंटिलेशन की व्यवस्था

**जांजगीर।** जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने शनिवार को अस्पताल का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सबसे पहले एनआरसी में भर्ती 11 बच्चों की देखभाल की स्थिति देखी।

कलेक्टर ने बच्चों के खेलने के लिए अस्पताल के सामने स्थित हॉल को विकसित करने, टीवी को हॉल से बाहर रखने और अस्पताल में क्रॉस वेंटिलेशन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए एनीमिया से पीड़ित महिलाओं का तत्काल इलाज करने के आदेश दिए। कलेक्टर ने कहा कि अस्पताल में डॉक्टर उपलब्ध हैं, लेकिन मानव संसाधन की कमी सबसे बड़ी चुनौती है। विशेष चिकित्सक और मेडिकल ऑफिसर की आवश्यकता है। एनएचएम और नियमित भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से डॉक्टरों की नियुक्ति की जा रही है।

एसएनसीयू में छोटे बच्चों का इलाज हो रहा है, लेकिन सीमित सीट और स्टाफ के कारण सभी बच्चों को भर्ती करना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि वेंटिलेटर जैसी सुविधाओं के लिए पर्याप्त स्टाफ जरूरी है। किसी भी नई मशीन लगाने से पहले स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। पीडियाट्रिशियन और गायनेकोलॉजिस्ट की कमी का भी पता चला। अस्पताल के इन्फ्रास्ट्रक्चर में सुधार किया जा रहा है। लिफ्ट का काम पूरा किया जा रहा है और आईसीयू सहित अन्य कमरे बढ़ाने की प्रक्रिया चल रही है। 15 नवंबर तक इन सुधारों को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। आयुष्मान भारत योजना के तहत मरीजों की सुविधा के लिए अलग रिसेप्शन की व्यवस्था की जा रही है।

शिशु वार्ड में वेंटिलेटर क्षमता बढ़ाने और भर्ती का प्रस्ताव भेजने के निर्देश- कलेक्टर ने नवजात शिशु वार्ड का निरीक्षण कर वेंटिलेटर, उपकरणों और स्टाफ की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि वेंटिलेटर की क्षमता बढ़ाने और प्रशिक्षित स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रस्ताव भेजा जाए।

निरीक्षण के दौरान एक महिला मरीज ने बताया कि सोनोग्राफी रिपोर्ट समय पर नहीं मिली। इस पर कलेक्टर ने सिविल सर्जन को निर्देश दिए कि रिपोर्ट तुरंत उपलब्ध कराई जाए और आगे की जांच व उपचार में देरी न हो। सोनोग्राफी यूनिट में तकनीकी दिक्कत न आए, इसके लिए नियमित मॉनिटरिंग करने को कहा।




## केरा में 61 हितग्राहियों को मिला पीएम आवास

**केरा।** आदर्श ग्राम पंचायत केरा के सरपंच संतोष कोसले की पहल से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 61 पात्र हितग्राहियों को प्रथम किस्त राशि स्वीकृत कर लाभान्वित किया गया। सरपंच ने स्वयं लाभार्थियों का निरीक्षण कर शासन के नियमों के अनुसार पात्र व्यक्तियों को लाभ सुनिश्चित कराया। इस पहल से ग्रामवासियों में खुशी का माहौल है। सरपंच ने मुनादी कर नागरिकों से अपील की कि योजनाओं में किसी भी कर्मचारी या जनप्रतिनिधि को रिश्वत न दें। सभी पात्र हितग्राहियों को नियमानुसार लाभ प्रदान किया जाएगा।

# 31 दिसंबर तक काम पूरा करने का है लक्ष्य

**जांजगीर।** जिले की सड़कों की मरम्मत और रखरखाव को लेकर लोक निर्माण विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

विभागीय मंत्री अरुण साव ने घोषणा की थी कि बारिश के बाद सड़कों की स्थिति का सर्वेक्षण कर क्षतिग्रस्त मार्गों की मरम्मत की जाएगी। सर्वेक्षण में टूट-फूट, गड्ढों और नुकसान का मूल्यांकन कर चिह्नित सड़कों के सुधार के लिए राशि का आकलन तैयार किया गया। इसके बाद लगभग 274.40 किलोमीटर मार्गों के मरम्मत कार्य के लिए 575.20 लाख रुपए का प्रस्ताव शासन को भेजा गया। स्वीकृति मिलने के बाद विभाग ने टेंडर बुलाकर कार्यादेश जारी किया और मरम्मत कार्य शुरू कर दिया। सभी चिह्नित सड़कों का काम 31 दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

लिंक रोड, नैला रोड सहित अन्य मार्ग जर्जर बारिश के बाद शहर की प्रमुख सड़कों पर गड्ढे हो गए थे। लिंक रोड, नैला रोड, केरा सहित



अन्य मार्गों पर लोगों को परेशानी हो रही थी। काम शुरू होने के बाद सड़कों की स्थिति में सुधार होगा, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका तो कम होगी ही साथ ही वाहनों का आवागमन सुरक्षित होगा।

## रायगढ़ में रेप के आरोपी को 20 साल का कारावास

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में नाबालिग से रेप के आरोपी को 20 साल कारावास की सजा मिली है। घटना जुलाई महीने की है। जब आरोपी आकाश यादव 14 साल की नाबालिग को खाली मकान में ले गया और उससे जबरदस्ती दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था।

घटना के बाद पीड़िता की बड़ी बहन ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया था। 3 महीने बाद पॉक्सो कोर्ट ने सुनवाई की और 20 साल की कारावास की सजा सुनाते हुए अर्थदंड से दंडित किया है।

# मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष मटियारा सम्मानित



**जांजगीर।** छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष एवं राज्यमंत्री का दर्जा प्राप्त भरतलाल मटियारा ने अपने जांजगीर प्रवास में थे। शनिवार को जिला संयोजक गंगाराम कटकवार द्वारा उनका सम्मान किया गया। उन्होंने बीते सामाजिक एवं संगठनात्मक कार्यों के अनुभव साझा किए। स्वयंसेवक जीवन की झलकियों और सामाजिक परिस्थितियों पर चर्चा की। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के आयोजन की तैयारियों पर भी विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर समाज के सभी बंधुओं से आग्रह किया कि वे संघ के शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लें और हर घर तक संघ के विचार एवं संगठन की जानकारी पहुंचाने में सहयोग दें। इस अवसर को सौहार्दपूर्ण एवं प्रेरणादायी मुलाकात के रूप में देखा गया। जिसने संगठन के पुराने और नए कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय और प्रेरणा का संदेश दिया।



## शिविर में सूर्य घर योजना की जानकारी दी

**रिगनी-खरौद।** प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत राहौद व खरौद में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर सौर ऊर्जा से संबंधित जानकारी प्राप्त की। राहौद शिविर में अशोक कुमार पटवा, सरवन अग्रवाल एवं रागिनी खूंटे ने रजिस्ट्रेशन कराया। वहीं, खरौद शिविर में गोविंद प्रसाद यादव, साहेब लाल, छेदीलाल यादव और नेहरू राही सहित 14 उपभोक्ताओं ने पंजीयन कराया। शिविर में 47 उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा व प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर बिजली विभाग से सहायक यंत्री आशीष लहरे, कनिष्ठ यंत्री नरेश नेताम व टीडी राम कुमार साहू उपस्थित रहे। अधिकारियों ने योजना की प्रक्रिया, पात्रता एवं लाभ प्राप्त करने की विधि के बारे में जानकारी दी।

## राष्ट्रीय कार्यशाला: जिले के 2 शिक्षक शामिल

**जांजगीर।** भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग द्वारा 500 करियर कार्ड्स की करियर गाइड बुक और माई करियर एडवाइजर एप पर राष्ट्रीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन नई दिल्ली स्थित कौशल भवन सभागार में किया गया। इसमें जिले के दो शिक्षक शामिल हुए। कार्यक्रम में शिक्षा मंत्रालय की उप सचिव प्राची पांडेय, एनसीईआरटी के संचालक प्रो. दिनेश प्रसाद सकलानी, वाधवानी फाउंडेशन के विशेषज्ञों सहित देशभर से चयनित मास्टर ट्रेनर शामिल हुए। कार्यशाला में माई करियर एडवाइजर एप और 500 करियर कार्ड्स का विस्तृत परिचय दिया गया, जिसमें विभिन्न करियर विकल्पों, आवश्यक योग्यताओं, प्रशिक्षण संस्थानों एवं रोजगार संभावनाओं की जानकारी शामिल है। छत्तीसगढ़ से सैयद रफीक (व्याख्याता, सेजेस क्रमांक 2, जांजगीर) और राघवेंद्र शर्मा (व्याख्याता, शासकीय उमावि सेमरा) ने राज्य का प्रतिनिधित्व किया। दोनों शिक्षक राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर के रूप में जिला स्तरीय प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे।

## श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ सप्ताह 12 से

**जांजगीर।** मारुति विहार कॉलोनी बीडीएम हॉस्पिटल के पीछे चांपा में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ सप्ताह महोत्सव का आयोजन



12 से 19 नवंबर तक किया जा रहा है। प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक कथा का वाचन होगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध राष्ट्रीय कथा वाचक नारायण महाराज (राधे निकुंज रोहिणी धाम, भिलाई-3) अपनी मधुर वाणी में श्रीमद् भागवत कथा सुनाएंगे। कथा के माध्यम से भक्तों को भगवान श्रीकृष्ण के जीवन, भक्ति, प्रेम और धर्म के संदेशों का अमृत रस प्राप्त होगा। आयोजनकर्ता रामबिलास देवांगन परिवार ने बताया कि यह कथा सप्ताह भक्तिभाव और सद्भावना को समर्पित है। परिवार ने सभी श्रद्धालुओं से सपरिवार उपस्थित होकर कथा श्रवण करने और भगवान श्रीकृष्ण के आशीर्वाद का लाभ लेने की अपील की।

## जांजगीर-चांपा में महिला से छेड़छाड़, प्रधान पाठक गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** जिले की अकलतरा पुलिस ने एक महिला से छेड़छाड़ के आरोप में प्रधान पाठक जगन्नाथ पाटले (43) को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। आरोपी पर महिला को अकेला पाकर छेड़छाड़ करने का आरोप है।

पीड़िता ने पुलिस को दी अपनी रिपोर्ट में बताया कि उसे कई बार अज्ञात नंबरों से फोन आते थे। फोन उठाने पर आरोपी बार-बार मिलने के लिए बुलाता था और कहता था कि पहुंचने पर देखोगी तो जान जाओगी। रेलवे स्टेशन के पास मिलने बुलाने पर जब वह पहुंची, तो आरोपी की पहचान बम्हनीन निवासी जगन्नाथ पाटले के रूप में हुई। पीड़िता के अनुसार, पाटले ने उसे अकेला पाकर छेड़छाड़ की और अभद्र भाषा का प्रयोग किया।

अकलतरा थाना में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी।

इस दौरान, पुलिस ने जगन्नाथ पाटले को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जहां उसने छेड़छाड़ की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार कर ली। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

# जांजगीर-चांपा में अवैध रेत उत्खनन पर कार्रवाई:हसदेव नदी से 8 ट्रैक्टर जब्त

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर-चांपा जिले के पीथमपुर में हसदेव नदी से अवैध रेत उत्खनन और परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। शिकायत मिलने पर कलेक्टर के निर्देश पर राजस्व और खनन विभाग की संयुक्त टीम ने छापा मारा। इस दौरान नदी के भीतर रेत भरते हुए 8 ट्रैक्टर जब्त किए गए, जबकि 6 ट्रैक्टर चालक अधिकारियों को देखकर मौके से फरार हो गए। जब्त ट्रैक्टर चालकों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई शुरू की गई है।

दरअसल, जिले में रेत का अवैध कारोबार बड़े पैमाने पर चल रहा है। पीथमपुर घाट पर जिला प्रशासन की टीम की कार्रवाई के दौरान अवैध उत्खनन करने वालों में हड़कंप मच गया। कई ट्रैक्टर चालक अपनी गाड़ियां छोड़कर भाग गए, जबकि कुछ ट्रैक्टरों के



इंजन लेकर फरार हो गए। टीम ने मौके से 8 ट्रैक्टर-ट्रॉली और 2 इंजन जब्त किए।

राजस्व अधिकारियों के अनुसार, कुछ ट्रैक्टर-ट्रॉलियां नदी के बीच में फंसी हुई थीं, जिन्हें काफी मशक्कत के बाद भी बाहर नहीं निकाला जा सका। इन ट्रॉलियों का पंचनामा कर उन्हें नदी में ही छोड़ दिया गया।

तहसीलदार राजकुमार मरावी ने बताया कि अवैध रेत उत्खनन और परिवहन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के दौरान ट्रैक्टर चालकों ने अधिकारियों की टीम के साथ हुज्जतबाजी भी की। ग्रामीण दर्शक बने रहे और नदी में फंसे ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को निकालने में कोई मदद नहीं की गई।

उन्होंने बताया कि नदी में छूटे वाहनों के चेसिस नंबर लेकर आरटीओ से उनके मालिकों की जानकारी मांगी गई है। अवैध रेत परिवहन करने वालों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# एकता अखंडता व राष्ट्रभक्ति के लिए निकाली गई पदयात्रा



**रिगनी-खरौद।** जिला प्रशासन द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल और राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर राहौद से शिवरीनारायण तक पदयात्रा का आयोजन किया गया। सांसद कमलेश जांगड़े ने कहा कि जन-जन तक संदेश पहुंचाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पूरे देश के संसदीय क्षेत्रों में पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह पदयात्रा महान विभूतियों को सम्मान देने के साथ देश की अखंडता और राष्ट्रभक्ति की भावना को सुदृढ़ करने का माध्यम है।

उन्होंने बताया कि लौहपुरुष पटेल ने आजादी के बाद 560 रियासतों को एक धागे में पिरोकर अखंड भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभाई। हैदराबाद, जूनागढ़, जम्मू-कश्मीर जैसी रियासतों को जोड़ने, सोमनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान के कारण उन्हें लौहपुरुष कहा जाता है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी और आम नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम में एकता की शपथ दिलाई गई। भवन अनुज्ञा प्रमाण पत्र वितरण, उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं को पुरस्कार, रंगोली प्रतियोगिता, वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत, नव रामायण मंडली को 5000 रुपये का पुरस्कार, महिला स्व सहायता समूह को 5 लाख रुपये बैंक लिंकेज, स्वास्थ्य परीक्षण और सूर्य घर जैसी गतिविधियां आयोजित हुईं। मंच संचालन शरदचंद्र शर्मा और आभार प्रदर्शन अध्यक्ष गोविंद यादव ने किया।

# जिला अस्पताल से विचाराधीन बंदी फरार

**जांजगीर-चांपा।** जिला अस्पताल से ठगी के 20 से अधिक मामलों का विचाराधीन बंदी पंचराम निषाद फरार हो गया। वह इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती था और 8 नवंबर की सुबह प्रहरी को चकमा देकर हथकड़ी से हाथ निकालकर भाग निकला। घटना के बाद पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी है।

जिला अस्पताल के सिविल सर्जन ने बताया कि पंचराम निषाद को 7 नवंबर को दोपहर डेढ़ बजे डायरिया और बुखार के कारण जिला जेल से अस्पताल में भर्ती कराया गया था।उसके साथ एक प्रहरी भी मौजूद था। आज सुबह डॉक्टर ने जांच के बाद दवाइयां लिखीं। जब प्रहरी दवा लेने गया, तो बंदी हथकड़ी से हाथ निकालकर फरार हो गया।

वहीं, जिला जेल खोखरा के जेलर ने बताया कि पंचराम निषाद को नवागढ़ पुलिस ने ठगी के मामले में गिरफ्तार किया था। जेलर के अनुसार, कल उसका हाथ फ्रैक्चर हुआ था, जिसके प्लास्टर के लिए उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

सुबह उसके फरार होने की सूचना मिली, जिसकी जानकारी कोतवाली पुलिस को दे दी गई है। अस्पताल और जेल प्रभारी के बयान लिए गए है।

पंचराम निषाद पर प्रदेश के कई जिलों में ठगी के 20 से अधिक मामले दर्ज हैं। वह छड़, गिट्टी और सीमेंट व्यापारी बनकर निर्माणाधीन मकानों के मालिकों को कम कीमत पर सामान देने का झांसा देकर लाखों रुपए की ठगी करता था।

28 अक्टूबर को आरोपी न्यायिक हिरासत मे जिला जेल भेजा गया था। 7 नवम्बर को उसके हाथ में मोच लगने के कारण उसके जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया, जहां से आज पंच राम भाग गया है। इस मामले मे कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू कर दी है आरोपी पहले भी जेल से फरार हो चुका है।

पुलिस अस्पताल में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है, लेकिन अब तक बंदी के भागने का तरीका स्पष्ट नहीं हो सका है। पंचराम की तलाश जारी है।



## रायगढ़ में पकड़ाया 900 बोरी अवैध धान,गोदाम और ट्रका में लोड धान जब्त

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में 900 बोरी अवैध धान पकड़ाया है। 8 नवंबर को जिला प्रशासन की जांच टीम ने कार्रवाई की। जहां एक व्यापारी के गोदाम में दबिश देकर ट्रक में लोड 600 बोरी और गोदाम में भंडारण किया हुआ 300 बोरी धान को जब्त किया गया।

जिला प्रशासन ने अवैध धान के परिवहन को रोकने के लिए टीम बनाई गई है। जहां जांच टीम को अवैध धान परिवहन होने की सूचना मिली। ऐसे में टीम ने कार्रवाई की।

**सूचना के बाद टीम ने दी दबिश**

जानकारी के मुताबिक 8 नवंबर को छाल तहसीलदार को सूचना मिली कि ग्राम हाटी में व्यापारी प्रहलाद अग्रवाल के द्वारा धान का अवैध परिवहन कराने की तैयारी कर रहा है।

जिसके बाद तत्काल तहसीलदार, मंडी के अधिकारी, पटवारी, कोटवार समेत अन्य कर्मचारी मौके पर दबिश दिए। जहां जांच टीम ने देखा कि मौके पर ट्रक में 600 बोरा धान लोड कराकर उसे परिवहन कराने की फिराक में है।

जिसके बारे में पूछताछ करने पर वह टालमटोल जवाब देने लगा। वहीं पूछताछ में पता चला कि काफी मात्रा में धान व्यापारी द्वारा सरकारी धान उपार्जन केन्द्र में खपाने के लिए भंडारण कर रखा है।

## कटौद में सांवरिया समाज के लोगों को किया जागरूक, योजनाएं भी बताई गई



**जांजगीर।** ग्रामीण कटौद में सांवरिया समाज को जागरूक करने के लिए पुलिस अधीक्षक विजय पांडेय ने समाज के सदस्यों से अवैध शराब न बनाने की अपील की और कानून का पालन करने का संदेश दिया। उन्होंने शासन की योजनाओं का लाभ उठाने और मुख्यधारा से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सामाजिक विकास और सुरक्षा के लिए नियमों का पालन जरूरी है। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सुरक्षा व विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई।

**न्यायालय नजूल अधिकारी सूरजपुर, जिला सूरजपुर (छग)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.-
आगामी तिथि 14/11/2025

इस सार्वजनिक ईश्तहार के जरिये सर्व साधारण आम जनता/संस्था/विभाग को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक शैलेष अग्रवाल आ. राजेंद्र अग्रवाल, उम्र 41 वर्ष जाति अग्रवाल, निवासी ग्राम सूरजपुर तहसील एवं जिला सूरजपुर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर नगर सूरजपुर स्थित नजूल भूमि प्लाट नंबर 2177/3 रकबा 1777 वर्गफुट भूमि को भारतीय स्टेट बैंक में बंधकर रखकर ऋण लेने हेतु अनुमति प्रदाय किये जाने का अनुरोध किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन लंबित है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था/विभाग को काई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक/लीगल एजेंट के माध्यम से अपना दावा/आपत्ति दिनांक 14/11/2025 को न्यायालयीन अवधि में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति के संबंध में कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 30/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील

नजूल अधिकारी
सूरजपुर (छग)

## अनमोल वचन......

राास्ते कभी खत्म नहीं होते, बस चलने का हौसला होना चाहिए.....

## गंभीर चिंता का पहलू

*केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र भेज कर कहा है कि वे प्राइवेट सुरक्षा एजेंसियों को रिटायर्ड अग्निवीरों की भर्ती के लिए राजी करें। खासकर उन एजेंसियों को, जिनकी सेवाएं सरकारी विभाग, बैंक आदि लेते हैं।*

*नरेंद्र मोदी सरकार ने जब 'अग्निपथ' योजना लागू की, तभी ये चेतावनी दी गई थी कि इसके तहत भर्ती अग्निवीर जब रिटायर्ड होंगे, तो भारतीय समाज के लिए वे एक बड़ी चिंता का कारण बनेंगे। सरहदों की हिफाजत में युवा उम्र के चार साल गुजारने के बाद जब बाकी जिंदगी में उन्हें सचमुच के अग्निपथ से गुजरना होगा। अब ये आशंका सच होती दिख रही है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र भेज कर कहा है कि वे प्राइवेट सुरक्षा एजेंसियों को रिटायर्ड अग्निवीरों की भर्ती के लिए राजी करें। खासकर उन एजेंसियों को, जिनकी सेवाएं सरकारी विभाग, बैंक आदि लेते हैं। इसके लिए प्राइवेट सिक्युरिटी एजेंसी रेगुलेशन ऐक्ट का सहारा लेने को कहा गया है। इस कानून में प्रावधान है कि प्राइवेट सुरक्षा एजेंसियां सेना, पुलिस और सशस्त्र बलों से रिटायर्ड कर्मियों को भर्ती में तरजीह दे सकती हैं। मगर ध्यान में रखने की बात है कि थल, वायु एवं जल सेनाओं से रिटायर्ड कर्मियों को पेंशन, इलाज, कैंटीन आदि की सेवाएं ताउम्र मिलती हैं, जबकि अग्निवीरों को चार साल की नौकरी के बाद एकमुश्त 11.71 लाख रुपये देकर विदा करने का प्रावधान है।*

*केंद्र ने 25 फीसदी अग्निवीरों को 15 और साल के लिए सेना में रखने तथा अपने तहत आने वाले अर्धसैनिक बलों में उनके लिए आरक्षण का प्रावधान किया है। ऐसा ही प्रावधान राज्य सरकारों से भी पुलिस एवं सशस्त्र बलों में करने को कहा गया है। मगर ये सब आश्वासन हैं, गारंटी नहीं। इसलिए अंदेशा है कि ज्यादातर अग्निवीरों का भविष्य प्राइवेट सुरक्षा एजेंसियों में अस्थायी नौकरी करना होगा। ये सवाल पहले भी उठा था और आज भी प्रासंगिक है कि क्या इसका खराब असर भारतीय सीमाओं के रक्षकों के मनोबल पर नहीं पड़ेगा। अग्निपथ योजना संभवतः भारत के रक्षा खर्च पर बढ़े दबाव के कारण शुरू की गई। वन रैंक वन पेंशन योजना ने रक्षा बजट के बहुत हिस्से को हड़प लिया। नतीजा एक ऐसी योजना के रूप में सामने आया है, जिसे अनेक विशेषज्ञ राष्ट्रीय सुरक्षा से एक तरह का समझौता मानते हैं। यह गंभीर चिंता का पहलू है।*

## राशिफल

**मेष राशि :** आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। नौकरी कर रहे लोगों को अपनी नौकरी में उच्च अधिकारियों के द्वारा शुभ समाचार मिलेगा। मित्रों की सहायता से आपको नए-नए कांटेक्ट मिलेंगे। आप अपने व्यापार को आगे बढ़ाने में कामयाब रहेंगे। शिक्षा के क्षेत्र में सफलता मिलेगी। परिवार का सहयोग मिलेगा।

**वृष राशि :** आज का दिन आपके लिए आनंदायक रहने वाला है। आपको अपनी वाणी की मधुरता को बनाए रखना है। आपके मित्र आपसे मिलने आएगा, जिनसे मिलकर पुरानी यादें ताजा होंगी। छात्र खूब मन लगाकर पढ़ाई करते हुए नजर आएंगे। जो लोग घर से दूर रहकर नौकरी कर रहे हैं, उन्हें अपने परिवार की याद आएगी।

**मिथुन राशि :** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। प्रतिदिन की दिनचर्या में सैर को शामिल करेंगे, जिससे आप अपने आप को काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। रिश्तेदार आपसे आर्थिक मदद मांग सकते है आप उसे निराश नहीं करेंगे। अपनी सामर्थ्य के अनुसार सहायता करेंगे। आपका ऊर्जा स्तर ऊंचा रहेगा। आप अपने रुके हुए सभी कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे।

**कर्क राशि :** आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। परिवार के सभी लोग मिलकर किसी पार्टी में सम्मिलित होंगे, जहां अन्य लोगों से मेल- मिलाप होगा। किसी खास व्यक्ति से हुई मुलाकात से आपका रुका हुआ काम पूरा करायेगी। आज बच्चे स्कूल का काम पूरा करने के लिए आप से मदद ले सकते हैं। आपके जीवनसाथी का प्यारा बर्ताव आपको खास होने का अनुभव कराएगा।

**सिंह राशिः** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपके मकान, प्लॉट, दुकान को खरीदने की इच्छा पूरी होगी। संतान को अच्छी नौकरी मिलने से माता-पिता काफी खुश नजर आएंगे। आपको काफी समय से चल रही स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या से छुटकारा मिलेगा। बिना किसी अनुभवी शख्स की सलाह के आज ऐसा कोई भी काम ना करें, जिसमें आपको कॉन्फिडेंस न हो।

**कन्या राशि :** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपका विनम्र स्वभाव साराहा जाएगा। आपका धन कहां खर्च हो रहा है। इस पर आपको नजर बनाए रखने की जरूरत है, नहीं तो आने वाले समय में आपको थोड़ी परेशानी हो सकती है। आज आपको बेवजह की उलझन लेने से बचने की जरूरत है।

**तुला राशि :** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आप किसी मनपसंद जगह पर ट्रांसफर ले सकते हैं। आपको उम्मीद से अधिक लाभ की संभावना बढ़ेगी। अगर मन में कोई बात आपको परेशान कर रही है, तो अपने दोस्तों से इस बारे में बात करें, आपको अच्छा सलूशन मिल सकता है। आप जीवनसाथी के साथ छोटी-छोटी बातों में नोंक-झोंक करने से बचें।

**वृश्चिक राशि :** आज आपका दिन आनंद और उत्साह से भरपूर रहेगा। कार्यक्षेत्र में आप अपने काम में कुछ नए विचार लाएंगे। आपका सकारात्मक रवैया ही आपको नौकरी में तरक्की दिलाएगा। आपके बॉस आपको एप्रिशिएट करेंगे। आपके सगे संबंधी आपके सहयोग के लिए तत्पर दिखायी देंगे। बिजनेस के लिहाज से की गई यात्राएं आपके लिये लाभकारी होगी। आपकी आर्थिक स्थिति भी बेहतर रहेगी।

**धनु राशि :** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपकी धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। आज आप किसी विशेष काम का हिस्सा बन सकते हैं। लंबे समय से फंसा हुआ धन आज आपको वापस मिल सकता है। जो लोग स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े हैं, उनके लिए आज का दिन उत्तम रहेगा।

**मकर राशि :** आज का दिन आपके लिए ठीक रहने वाला है। यदि आप कंस्ट्रक्शन के बिजनेस जुड़े हुए हैं तो आपके के लिए लाभ के योग हैं आप अपने काम में परिवर्तन लाने का मन बना सकते हैं। दांपत्य रिश्ते में मधुरता लेन के लिए आप कुछ नया करेंगे। इस दौरान आप नेगेटिव विचारों से बचें। आज आप बिजनेस मीटिंग अटेंड करने जा सकते हैं। जिसमें आपको सफलता मिलेगी।

**कुंभ राशि :** आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। आज मेहनत का परिणाम आपके फेवर में होगा। समाज में आपके काम को सराहा जायेगा। शाम का समय आप अपने परिवार के साथ बिताएंगे, परिवार में हंसी खुशी का माहौल बना रहेगा।

**मीन राशि :** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आप फाइनेंस डिपार्टमेंट या सेल्स में काम करते हैं तो आपको आपकी नॉलेज से काफी फायदा होगा। वैवाहिक जीवन में स्थिति अच्छी रहने वाली है। लेकिन समय के साथ सब ठीक हो जाएगा।

# भारत के लोगों में देश छोड़ने की बेचैनी

//अजीत द्विवेदी//

**पहले कुछ आंकड़ों से ही बात शुरू करते हैं। ऑर्गेनाइजेशन फॉर इकोनॉमिक कोऑपरेशन एंड डेवलपमेंट यानी ओईसीडी की ओर से सोमवार, तीन नवंबर को इंटरनेशनल माइग्रेशन आउटलुक 2025 जारी किया गया। इसके मुताबिक 2023 में सवा दो लाख भारतीयों ने ओईसीडी समूह के देशों की नागरिकता हासिल की। इस अवधि में पूरी दुनिया से करीब 28 लाख लोगों ने ओईसीडी देशों की नागरिकता ली है, जिसमें अकेले भारत से सवा दो लाख लोग हैं।**

भारत के बाद दूसरे स्थान पर फिलीपींस है, जिसके एक लाख 32 हजार लोगों ने 2023 में ओईसीडी देशों की नागरिकता हासिल की है। तीसरे स्थान पर चीन है, जिसके 96 हजार लोग इन देशों में बसे। भारतीय लोगों में ओईसीडी समूह के देशों की नागरिकता लेने का यह ट्रेंड ऐसा नहीं है कि एक साल का है। यह साल दर साल बढ़ता जा रहा है। 2022 में दो लाख 15 हजार के करीब लोगों ने ओईसीडी देशों की नागरिकता ली थी और उससे पहले 2021 में दो लाख सात हजार के करीब लोग इन देशों में जाकर बसे थे।

ओईसीडी समूह में कुल 38 देश हैं, जिनमें अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा जैसे देश शामिल हैं। इसमें उत्तरी अमेरिकी देशों के अलावा ज्यादातर यूरोपीय देश हैं। इन देशों की विशेषता यह है कि ये आर्थिक रूप से विकसित तो हैं ही साथ ही इन देशों में मानव जीवन के अनुकूल सबसे बेहतर स्थितियां हैं। हवा और पानी स्वच्छ है। खाने पीने की चीजें प्रदूषित नहीं हैं। कानून व्यवस्था की स्थिति बहुत बेहतर है। स्वास्थ्य व शिक्षा की विश्व स्तरीय व्यवस्था है और मानवाधिकारों के प्रति सजग दृष्टि है। तभी दुनिया भर के लोग इन देशों में बसना चाहते हैं। यह अलग बात है कि इन देशों के नागरिकों में बाहरी लोगों के प्रति नाराजगी बढ़ने लगी है और वे खुल कर विरोध करने लगे हैं। बहरहाल, भारत की नागरिकता छोड़ने वालों में सबसे ज्यादा 78 हजार से कुछ ज्यादा लोगों ने कनाडा में नागरिकता ली है, जबकि 52 हजार से कुछ ज्यादा लोग अमेरिका के नागरिक बने हैं। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और न्यूजीलैंड का नंबर है।

इन आंकड़ों के बीच एक बड़ा दिलचस्प ट्रेंड यह दिख रहा है कि 2014 में जब केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार बनी है और यह प्रचार शुरू हुआ है कि भारत विश्वगुरू बन रहा है और दुनिया में भारत का डंका बज रहा है उसके बाद लोगों के देश छोड़ने का चलन ज्यादा बढ़ा है। इसमें अचानक बहुत तेज बढ़ोतरी हुई है। भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने से एक साल पहले 2013 में सिर्फ 15,388 भारतीयों ने ओईसीडी समूह के देशों की नागरिकता ली थी। ध्यान रहे उस समय इन देशों की नागरिकता हासिल करना बहुत आसान था। इन देशों में नाममात्र के लिए भी भारत विरोध की भावना नहीं थी। इन देशों के नागरिक भारतीय लोगों का खुले दिल से स्वागत करते थे। फिर भी भारत की नागरिकता छोड़ कर इन देशों में जाने वालों की संख्या बहुत सीमित थी। अब इन देशों में खास कर शीर्ष चार देशों, कनाडा, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन में भारत विरोधी भावनाएं बहुत बढ़ गई हैं। इन देशों के कई शहरों में भारतीय नागरिकों के ऊपर हमले हुए हैं और देश छोड़ कर जाने को कहा गया है। आए दिन भारत के लोग घृणा और हिंसा का शिकार हो रहे हैं। इतना ही नहीं इन देशों ने नागरिकता के नियम भी सख्त कर दिए हैं। फिर भी भारत छोड़ कर इन देशों की नागरिकता लेने की होड़ मची है।

दिलचस्प बात यह है कि भारत से लोग किसी मानवीय संकट की वजह से इन देशों में नहीं जा रहे हैं। दुनिया के कई देशों खास कर मुस्लिम देशों से शरणार्थी मानवीय संकट के कारण इन देशों में जा रहे हैं। लेकिन भारत से जाने का ट्रेंड आउट ऑफ च्वाइस है। यानी लोग अपनी पसंद से इन देशों में जा रहे हैं। नागरिकता हासिल करने से पहले बड़ी संख्या में भारतीय लोग इन देशों में कामकाज के सिलसिले में जा रहे हैं। 2023 में करीब छह लाख भारतीय इन देशों में पेशेवर कारणों से गए। यह उससे पहले यानी 2022 के मुकाबले आठ फीसदी ज्यादा था। अगले दो साल यानी 2024 और 2025 के आंकड़े बाद में आएंगे। लेकिन जो ट्रेंड है उसके कमजोर होने के संकेत नहीं हैं, बल्कि तमाम विरोध और नफरत के बावजूद भारत के नागरिकों के इन देशों में जाने का सिलसिला तेज हुआ है।

सोचें, यह संख्या कानूनी रूप से इन देशों में जाकर नागरिकता लेने वालों की है या कानूनी रूप से वैध वीजा के साथ इन देशों में जाने वालों की है। इनके अलावा हजारों की संख्या में लोग हर साल अवैध रूप से इन देशों में घुसने का प्रयास करते हैं। यह भी हकीकत है कि भारत के लोग इन देशों में जाकर वहां की बुनियादी व्यवस्था में सकारात्मक योगदान दे रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक ओईसीडी समूह के देशों में भारतीय डॉक्टर और नर्स सबसे बड़ी संख्या में हैं। ब्रिटेन के कुल विदेशी डॉक्टरों में भारत के डॉक्टरों का हिस्सा 23 फीसदी है। इसी तरह अमेरिका में यह हिस्सा आठ फीसदी है।

अब सवाल है कि भारत में ऐसा क्या बदल गया, जिसकी वजह से इतनी बड़ी संख्या में लोग दूसरे विकसित, सभ्य और लोकतांत्रिक देशों में बस रहे हैं या बसने के लिए परेशान हैं। यह बात तो समझ में आती है कि इन देशों में हालात बहुत बेहतर हैं। पिछले दिनों एक जानकार ने बताया कि दुबई जाकर सेटल होने के पीछे एकमात्र कारण सुरक्षा की भावना थी। भारत में कोई भी व्यक्ति अपनी और अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर आश्वस्त नहीं हो सकता है। लेकिन दुबई में हर छोटे, बड़े अपराध से सुरक्षा है। सुरक्षा की यह भावना लोगों को ओईसीडी देशों में जाकर बसने के लिए निर्देशित करती है। इसके अलावा बेहतर अवसर की उपलब्धता, बच्चों के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य की सुविधा और बेहतर जीवन स्तर भी लोगों को निर्देशित करने वाली शक्ति है। लेकिन यह समझ में नहीं आता है कि भारत छोड़ने के लिए क्या चीज प्रेरित कर रही है? दूसरा सवाल यह है कि लोगों की चिंता अभी की है या भविष्य की चिंता में वे देश छोड़ रहे हैं?

ऐसा लग रहा है कि तात्कालिक कारणों से ज्यादा भविष्य की चिंता में लोग भारत छोड़ने को प्रेरित हो रहे हैं। सरकार की ओर से 2047 तक भारत को विकसित बना देने के वादे पर कम से कम उस वर्ग के लोगों में भरोसा नहीं है, जो पेशेवर योग्यता के दम से दुनिया के किसी देश में जाकर काम हासिल करने और बसने में सक्षम हैं या आर्थिक रूप से इतने सक्षम हैं किसी भी देश में जाकर बस सकते हैं। इसका अर्थ है कि देश की सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक स्थिरता को लेकर उनके मन में संदेह है। सरकार के विकास के दावों को लेकर भी उनके मन में भरोसा नहीं है। यही कारण है कि अर्थ और ज्ञान से संपन्न लोग देश छोड़ने की बेचैनी में हैं।

# भारत रत्न आडवाणी ने राजनीति को नई दिशा और मतदाताओं को मजबूत विकल्प दिया

**राष्ट्रीय राजनीति में भाजपा को एक मजबूत ताकत के रूप में उभारने में अहम भूमिका निभाने वाले पूर्व उप-प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी आज 98 वर्ष के हो गए। भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित आडवाणी ने भारत के लोकतांत्रिक और सांस्कृतिक परिदृश्य पर अमिट छाप छोड़ी है। लालकृष्ण आडवाणी का जीवन भारतीय लोकतंत्र के एक ऐसे युग का साक्षी है, जिसमें कांग्रेस की एकाधिकारवादी राजनीति को पहली बार वैकल्पिक चुनौती मिली।**

अविभाजित भारत के कराची में 8 नवंबर 1927 को जन्मे आडवाणी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से अपना सार्वजनिक जीवन आरंभ किया। यह पृष्ठभूमि उनके राजनीतिक व्यक्तित्व का आधार बनी यानि अनुशासन, संगठन और राष्ट्रनिष्ठा का त्रिवेणी संगम। आडवाणी का जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी तक का सफर, किसी राजनीतिक दल की कहानी भर नहीं है; यह उस विचार का प्रस्फुटन है जो यह कहता है कि लोकतंत्र में केवल एक पार्टी का वर्चस्व स्थायी नहीं रह सकता। आडवाणी ने इस सत्य को समझा, जिया और उसे जनांदोलन का रूप दिया।

स्वतंत्रता के बाद भारतीय राजनीति लम्बे समय तक कांग्रेस के प्रभाव में रही। विपक्ष बिखरा हुआ और असंगठित था। ऐसे समय में आडवाणी ने संगठन के महत्त्व को पहचाना। उन्होंने न केवल भाजपा को संगठित ढाँचा दिया, बल्कि उसे वैचारिक दृढ़ता भी प्रदान की। उनकी रथयात्रा न केवल भाजपा को जनभावनाओं के केंद्र में लायी बल्कि देश के राजनीतिक विमर्श को ही बदल दिया। जनता को यह विश्वास हुआ कि सत्ता परिवर्तन अब असंभव नहीं है। आडवाणी ने लोकतंत्र को जीवंत प्रतिस्पर्धा का रूप दिया। उन्होंने दिखाया कि विपक्ष केवल आलोचना तक सीमित नहीं रह सकता, बल्कि उसे विकल्प बनना चाहिए– विचार का, नेतृत्व का और नीति का। यही उनके जीवन का सबसे बड़ा योगदान रहा। आडवाणी की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि उन्होंने संगठन को व्यक्ति से ऊपर रखा। उन्होंने नेतृत्व के भीतर सामूहिकता की भावना को पल्लवित किया। भाजपा के विस्तार में उनका योगदान केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक भी है। उन्होंने राष्ट्रीय चेतना को आधुनिक लोकतांत्रिक विमर्श से जोड़ा। आपातकाल के दौरान उनका संघर्ष लोकतंत्र की मर्यादा का प्रतीक रहा। जब कई लोग सत्ता के भय में मौन थे, तब आडवाणी ने असहमति को देशभक्ति का रूप दिया। यही साहस आगे चलकर भाजपा के चरित्र का हिस्सा बना।

आडवाणी की राजनीति में केवल संघर्ष नहीं, समावेश भी था। जब वह उपप्रधानमंत्री बने, तब भाजपा ने पहली बार बहुदलीय गठबंधन के रूप में सत्ता संभाली। यह भारतीय राजनीति के परिपक्व होने का संकेत था।उन्होंने दिखाया कि राष्ट्रीय हित में मतभेद भी सहयोग में बदल सकते हैं। गठबंधन-राजनीति की यह परंपरा भारतीय लोकतंत्र की स्थिरता की एक बड़ी गारंटी बनी।यह भी सही है कि आडवाणी का राजनीतिक जीवन विवादों से अछूता नहीं रहा। अयोध्या आंदोलन ने उन्हें जहां अपार जनसमर्थन दिलाया, वहीं आलोचना का भी केंद्र बनाया। किंतु यही लोकतंत्र की खूबसूरती है– जहाँ विचारों की विविधता को भी इतिहास दर्ज करता है। आडवाणी की सबसे बड़ी विशेषता यही रही कि उन्होंने विवाद से विमर्श की दिशा निकाली। वह संवाद को टकराव से ऊपर मानते हैं। आज भारतीय लोकतंत्र में भाजपा के रूप में जो सशक्त वैकल्पिक शक्ति खड़ी है, उसकी नींव एक तरह से आडवाणी ने ही रखी। उन्होंने यह सिद्ध किया कि लोकतंत्र केवल सत्ता परिवर्तन का साधन नहीं, बल्कि वैचारिक प्रतिस्पर्धा का उत्सव है। उनकी राजनीति ने जनसंघ से भाजपा तक एक ऐसी यात्रा तय की जिसमें विचार, संगठन और जनविश्वास एक सूत्र में बंधे। देखा जाये तो राजनीति में कुछ ही ऐसे नेता होते हैं, जिनके कार्य और दृष्टि केवल किसी दल को नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्रीय विमर्श को नई दिशा देते हैं। लालकृष्ण आडवाणी निस्संदेह उन विरले नेताओं में हैं जिन्होंने न केवल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को संगठनात्मक रूप से सशक्त किया, बल्कि हिंदुत्व की सांस्कृतिक चेतना को राजनीतिक अभिव्यक्ति में बदलने का ऐतिहासिक कार्य भी किया। उनके नेतृत्व में जन्मा और विस्तृत हुआ राम मंदिर आंदोलन, आधुनिक भारत के सबसे बड़े और दीर्घकालिक जनआंदोलनों में से एक माना जाता है। खास बात यह रही कि राम मंदिर आंदोलन अपने लक्ष्य में सफल भी रहा क्योंकि श्रीरामजन्मभूमि पर ही भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ।

देखा जाये तो आडवाणी का राजनीतिक दृष्टिकोण केवल चुनावी गणित तक सीमित नहीं था। उन्होंने भारतीय समाज की गहराइयों में विद्यमान सांस्कृतिक अस्मिता को राजनीतिक विमर्श का केंद्र बनाया। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण का मुद्दा केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रतीक बन गया। आडवाणी ने इसे राष्ट की आत्मा से जोड़ा और इसे राष्ट्रीय गौरव का प्रश्न कहा। उनकी 1990 की ऐतिहासिक राम रथ यात्रा जो सोमनाथ से अयोध्या तक चली, उसने हिंदू समाज को आत्म-स्वर देने का कार्य किया। यह यात्रा मात्र राजनीतिक अभियान नहीं, बल्कि भारत के सांस्कृतिक मानस को आंदोलित करने वाली यात्रा थी। जहां भी रथ पहुँचा, वहां लाखों की भीड़ एक विचार से जुड़ने लगी– राम हमारे हैं, राम राष्ट्र के हैं। यही वह बिंदु था जिसने भाजपा को विचार की पार्टी से जनांदोलन की पार्टी बना दिया। साथ ही 1980 के दशक में भाजपा जब अपने आरंभिक चरण में थी, तब वह महज दो सीटों तक सीमित रह गई थी। ऐसे कठिन समय में आडवाणी ने पार्टी को सिद्धांतों से जोड़े रखने और संगठन को विस्तार देने की दोहरी भूमिका निभाई। उन्होंने जनसंघ की अनुशासन परंपरा को आगे बढ़ाया और पार्टी में विचारधारा को प्राथमिकता देने का संस्कार विकसित किया। भाजपा के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने सांगठनिक संरचना को नई ऊंचाई दी और बूथ स्तर तक कार्यकर्ता नेटवर्क को मजबूत किया, युवा मोर्चा और महिला मोर्चा को सक्रिय किया और विचार-विस्तार के लिए पार्टी विद ए डिफरेंस की अवधारणा दी। यही संगठनात्मक शक्ति बाद में भाजपा को राष्ट्रीय राजनीति का केंद्रीय स्तंभ बना गई।आडवाणी ने हिंदुत्व को कभी धार्मिक अवधारणा के रूप में नहीं देखा। उन्होंने इसे राष्ट्रीय पहचान का सांस्कृतिक बोध कहा यानि एक ऐसी चेतना जो भारतीयता को एक सूत्र में बांधती है। उन्होंने तर्क दिया कि हिंदुत्व भारत के जीवन-मूल्यों का प्रतीक है, जो सहिष्णुता, समरसता और आध्यात्मिकता का संगम है। यही दृष्टिकोण उन्हें एक सांस्कृतिक राजनेता के रूप में अलग करता है। उन्होंने सकारात्मक राष्ट्रवाद की अवधारणा प्रस्तुत की, जो किसी के विरोध पर नहीं, बल्कि अपने गौरव के पुनर्स्थापन पर आधारित थी। आडवाणी की राम रथ यात्रा, स्वर्ण जयंती यात्रा और भारत गौरव यात्रा सिर्फ राजनीतिक आयोजन नहीं थीं। वे संवाद के साधन थे, जिनसे भाजपा ने जनता के बीच अपनी वैचारिक उपस्थिति दर्ज कराई। इन यात्राओं ने भाजपा को उत्तर से दक्षिण, पूर्व से पश्चिम तक एक अखिल भारतीय पार्टी के रूप में स्थापित किया। 1990 की रथ यात्रा ने जहां भाजपा को एक सांस्कृतिक मिशन दिया, वहीं 1997 की स्वर्ण जयंती यात्रा ने पार्टी को प्रशासनिक और शासन के विकल्प के रूप में प्रस्तुत किया। यह यात्रा-संस्कृति आज भी भाजपा की जनसंपर्क परंपरा में दिखाई देती है।

लालकृष्ण आडवाणी का योगदान केवल एक आंदोलन की सफलता या एक पार्टी के उत्थान तक सीमित नहीं है। उन्होंने भारत की राजनीति को विचार की राजनीति बनाया– जहां भावनाएं, सिद्धांत और संगठन एक साथ चलते हैं। उनके रथ ने केवल सड़कों की यात्रा नहीं की, बल्कि भारतीय मानस की यात्रा की। विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी भाजपा की वैचारिक जड़ें और सांगठनिक ताकत, दोनों की नींव आडवाणी जैसे दूरदर्शी नेतृत्व ने ही रखी।

## तस्वीरों की दुनिया



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जशपुर जिले के विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए चार प्रमुख नालों पर पुल निर्माण हेतु 13 करोड़ 69 लाख 21 हजार रुपये की स्वीकृति प्रदान की है।




राज्यपाल श्री रमेन डेका से आज राजभवन में वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन और कौशल विकास मंत्री केदार कश्यप ने सौजन्य भेंट की।



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गणेशराम और उनके परिवार से आत्मीय मुलाकात करते हुए उनके उज्जवल और स्वस्थ भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। शासकीय मदद से गणेशराम का किडनी प्रत्यारोपण सफल, मुख्यमंत्री से मिल कर परिवार ने जताया आभार।



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव बांका के बेलहर विधानसभा क्षेत्र में एनडीए उम्मीदवार मनोज यादव के लिए अपील करते हुए।



प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली में सर्वोच्च न्यायालय में कानूनी सहायता वितरण तंत्र को मजबूत बनाने पर राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया.



बिहार विधानसभा चुनाव के लिए पश्चिम चंपारण के बेतिया में एक जनसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को माला पहनाते हुए।

# ब्रिटिश जासूसों ने निज्जर हत्याकांड की जानकारी कनाडा को सौंपी थी, डाक्यूमेंट्री में किया गया दावा




**लंदन, 09 नवंबर [एजेंसी]।**

ब्रिटिश खुफिया एजेंसी-गवर्नमेंट कम्युनिकेशंस हेडक्वार्टर्स (जीसीएचक्यू) ने इंटरसेप्ट की गई फोन काल का एक डोजियर कनाडा को सौंपा था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि जून 2023 में खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के पीछे भारत सरकार का हाथ है।कॉल इंटरसेप्ट करने से आशय फोन पर बातचीत कर रहे व्यक्तियों के वार्तालाप को उनकी अनुमति के बगैर किसी तीसरे पक्ष द्वारा चुपके से सुनना या रिकार्ड करना है। ब्लूमबर्ग ओरिजिनल्स के वृत्तचित्र इनसाइड द डेथ्स दैट राक्ड इंडियाज रिलेशंस विद द वेस्ट में बताया गया है कि ब्रिटेन की खुफिया एजेंसी ने कुछ फोन काल इंटरसेप्ट की थी, जिनमें कथित तौर पर तीन निशानों (टारगेट) पर चर्चा की जा रही थी। इसमें आरोप लगाया गया है कि उन्होंने तीन संभावित लक्ष्यों पर चर्चा की थी-निज्जर, (अवतार सिंह) खंडा और (गुरपतवंत सिंह) पन्नू। बाद में इस बारे में बातचीत हुई कि निज्जर को कैसे सफलतापूर्वक खत्म किया गया। निज्जर एक कनाडाई सिख था, जिसे भारत ने 2020 में खालिस्तानी आतंकवादी घोषित किया था। वह कथित तौर पर उन नामों में शामिल था, जिनकी जानकारी ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा, आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच फाइव आइज खुफिया साझेदारी समझौते के तहत कनाडाई अधिकारियों को सौंपी गई थी। डाक्यूमेंट्री में दावा किया गया है कि निज्जर हत्या मामले की जांच में महत्वपूर्ण प्रगति तब हुई थी, जब ब्रिटेन को प्रासंगिक जानकारी प्राप्त हुई थी। डाक्यूमेंट्री में दावा किया गया है कि ब्रिटिश खुफिया जानकारी कड़े नियमों के तहत साझा की गई थी। इसे हाथ से ओटावा (कनाडा की राजधानी) तक पहुंचाया गया था। इसे किसी भी इलेक्ट्रानिक सिस्टम पर अपलोड नहीं किया गया और लंदन द्वारा पूर्व-स्वीकृत कुछ चुनिंदा कनाडाई अधिकारियों को ही इसे देखने की अनुमति दी गई थी।

## दिल्ली के ज्वेलर्स से 2.52 करोड़ की ठगी, दिल्ली पुलिस ने आभूषण कारोबारी को किया गिरफ्तार



**मुजफ्फरपुर।** दिल्ली के करोलबाग थाने की पुलिस ने शनिवार की रात आभूषण मंडी समेत कई जगहों पर छापेमारी कर आभूषण कारोबारी विवेक गुप्ता को गिरफ्तार किया है। आरोपित दिल्ली के आभूषण कारोबारी से दो करोड़ 52 लाख 24 हजार 566 रुपये का जेवर मंगवाया था। बकाया का तगादा करने पर आरोपित ने कई चेक दिए जो बाउंस हो गया।मामले में सेंट्रल दिल्ली के बेदनपुरा इलाके के भव्या गोल्ड प्लाजा के प्रोपराइटर सौरभ बब्बर ने 23 सितंबर को करोलबाग थाने में प्राथमिकी कराई थी। इसमें गोवर्धन राम रामाशीष प्रसाद गुप्ता ज्वेलर्स के प्रोपराइटर अभिषेक गुप्ता, उसकी पत्नी मनीषा गुप्ता और उसके भाई विवेक गुप्ता को नामजद आरोपित बनाया था।आवेदन में कारोबारी ने कहा कि आरोपितों का उनके दुकान पर आना जाना था। आरोपितों ने पूर्व में कई छोटी खरीदारी में समय पर पेमेंट किए थे। उन्हें विश्वास में लेने के बाद आरोपितों ने उन्हें सोना और हीरा का अलग-अलग तीन आर्डर दिए।आरोपितों के दुकान के कर्मी ओमप्रकाश के द्वारा उनके दुकान पर आकर जेवर प्राप्त किया। इसके दूसरे दिन आरोपितों ने डिलीवरी प्राप्त होने की पुष्टि की। हालांकि, आरोपितों के द्वारा दिए गए चेक बाउंस हो गया।दिल्ली से तगादा के लिए कर्मी को भेजने पर आरोपित नहीं मिला। खोजबीन में पता नहीं चला। इसके बाद उन्हें पता चला कि आरोपितों ने इस तरह से कई बाहरी कारोबारियों के साथ ठगी किया है।रुपये नहीं लौटाने पर उन्होंने सेंट्रल दिल्ली के करोलबाग थाने में प्राथमिकी कराई। गिरफ्तारी के बाद दिल्ली पुलिस की टीम आरोपित से पूछताछ कर रही है। नगर थानाध्यक्ष कमलेश कुमार ने बताया कि दिल्ली के करोलबाग थाने की पुलिस नगर थाना के सहयोग से पुरानी बाजार इलाके में आरोपितों की तलाश में छापेमारी की। इसमें एक आरोपित विवेक गुप्ता को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उससे पूछताछ कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## भोपाल के बाद अब सीहोर में बना 90 डिग्री की तरह कर्व ब्रिज, जिम्मेदारों की अनदेखी, डिजाइन में कई खामियां

**सीहोर, 09 नवंबर [एजेंसी]।**

शहर के बीच से निकलने वाले पुराने इंदौर-भोपाल स्टेट हाईवे पर हाउसिंग बोर्ड कालोनी के पास स्थित रेलवे गेट क्रमांक 104 पर ओवर ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है, लेकिन यहां ब्रिज निर्माण की खामियों को लेकर विरोध बढ़ता ही जा रहा है। जब ड्रोन कैमरे से इस अधूरे ब्रिज की फोटो कराई गई भोपाल की तरह सीहोर में भी 90 डिग्री एंगल वाले कर्व की तस्वीर सामने आ रही है। जबकि लोगों का कहना है कि इस ब्रिज की डिजाइन बदली गई है। इसको लेकर वह हाई कोर्ट से पहले मानव अधिकार आयोग व लोकायुक्त से शिकायत कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग करेंगे।जानकारी के अनुसार हाउसिंग बोर्ड के पास 28 करोड़ रुपये की लागत से रेलवे ओवर ब्रिज बनाया जा रहा है। यह ओवर ब्रिज 700 मीटर लंबा, 15 मीटर चौड़ा बन रहा है। इसके 24 पिलर तैयार हो रहे हैं। दस मीटर ट्रैक के ऊपर 7.30 मीटर ऊंचाई तय की गई है, लेकिन मनमाने तरीके से शुरू किए गए निर्माण से कई तकनीकि खामियां इसके निर्माण से पूर्व ही सामने आने लगी थी, जिसको लेकर रहवासियों द्वारा शुरू से ही विरोध किया जा रहा है। मनमानी का आलम यह है कि पुराना इंदौर-भोपाल हाईवे होने से बड़ी संख्या में यहां से वाहन चालक निकलते है, वहीं हाउसिंगबोर्ड, शीतल विहार आबादी के साथ ही यहां बड़े स्कूल व कॉलेज होने से हजारों बच्चे वाहन से निकलते है, लेकिन दोनों तरफ एप्रोच रोड नहीं बनाई जा रही है। अधिकारियों ने पहले से कोई योजना नहीं बनाई और अब लोगों को असुरक्षित और अमानक रास्ते का उपयोग करने पर मजबूर किया जा रहा है। यही कारण है कि अब दोनों तरफ एप्रोच रोड की मांग को लेकर तरह-तरह से विरोध के बाद अब सुनवाई नहीं होने पर शिकायत कर कार्रवाई की मांग करेगी।

इसके बाद भी मांग पूरी नहीं हुई तो हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाएगी। यह ओवरब्रिज भोपाल की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर हाउसिंग बोर्ड रेलवे फाटक के पास बनाया जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ब्रिज का डिजाइन बनाते समय अधिकारियों ने बड़ी लापरवाही बरती। उन्होंने इस बात का ध्यान नहीं रखा कि जहां ब्रिज नीचे उतरेगा, वहां निजी भूमि आएगी, जिससे मजबूरन ब्रिज को मोड़ना पड़ा और केवल एक तरफ सर्विस रोड देनी पड़ी।जिला कांग्रेस परिवार और स्थानीय निवासियों ने कई बार मीडिया, सोशल मीडिया और प्रिंट मीडिया के माध्यम से जनप्रतिनिधियों का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया है, लेकिन कोई ठोस समाधान नहीं निकला है।

# मां बनी कुमाता, राजस्थान में महिला ने जन्म के कुछ घंटों बाद नवजात का गला घोंटा

**जयपुर, 09 नवंबर [एजेंसी]।**

राजस्थान के चूरू जिले के एक सरकारी अस्पताल में 40 वर्षीय एक महिला ने बच्चे को जन्म देने के कुछ ही घंटों बाद अपने नवजात बेटे की कथित तौर पर गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार, आरोपी गुड्डी देवी ने गुरुवार रात अपने पांचवें बच्चे को जन्म दिया। कोतवाली स्टेशन हाउस ऑफिसर (एसएचओ) सुखराम चोटिया ने कहा कि कुछ घंटे बाद, जब परिवार के अन्य सदस्य अस्पताल के वार्ड में सो रहे थे, उसने गला घोंटकर शिशु की हत्या कर दी।प्रारंभिक जांच से पता चला है कि गुड्डी देवी गंभीर आर्थिक तंगी और मानसिक संकट से जूझ रही थीं। उनके पति ताराचंद लकवाग्रस्त हैं और बिस्तर पर पड़े हैं। पुलिस ने बताया कि उसने कथित तौर पर अपने रिश्तेदारों से कहा था



कि वह एक और बच्चे के पालन-पोषण का बोझ नहीं उठा सकती।यह घटना शुक्रवार सुबह तब प्रकाश में आई जब गुड्डी की बड़ी बहन मैना देवी ने देखा कि नवजात शिशु हिल-डुल नहीं रहा है।

एसएचओ ने कहा कि उन्होंने बच्चे की गर्दन पर गहरे निशान देखे और तुरंत डॉक्टरों को सूचित किया, जिन्होंने शिशु को मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम में गला घोंटकर हत्या की पुष्टि हुई। बहन की शिकायत के आधार पर पुलिस ने महिला के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया। चोटिया ने कहा कि आरोपी का अभी भी अस्पताल में प्रसवोत्तर उपचार चल रहा है। उसे चिकित्सकीय रूप से स्वस्थ घोषित किए जाने के बाद गिरफ्तार किया जाएगा।

# बिहार में रोजगार और नौकरी के लिए बनाएं महागठबंधन की युवा सरकार

## खेसारी लाल ने जनता से की अपील



**मोतिहारी, 09 नवंबर [एजेंसी]।**

भोजपुरी कलाकार सह राजद नेता खेसारी लाल यादव ने शनिवार को मोतिहारी विधानसभा क्षेत्र के नेहरू स्टेडियम में राजद प्रत्याशी देवा गुप्ता के पक्ष में चुनाव सभा को संबोधित किया। दस हजार से जिंदगी थोड़े कट जाएगी। जिसके-जिसके खाता में दस हजार आया है रख लिजिए और नियमित रोजगार व नौकरी के लिए युवा सरकार के लिए लालटेन को वोट दिजिए। एनडीए के नेता हर सभा में जंगलराज की बात करते है, उन्हें ऐसा लगता है कि अभी मंगलराज चल रहा है। खेसारी ने लोगों से कहा कि 20 वर्ष नीतीश चाचा को मौका दिया है तो पांच साल भतीजा को भी दिजिए, अगर काम चाचा से बेहतर नहीं हुआ तो बदल दिजिएगा यह तो आपके हाथ में है। सभा शुरू होने के करीब दस मिनट बाद पहुंचे राजद प्रत्याशी के साथ उन्होंने जनता का अभिवादन किया। अध्यक्षता कार्यकारी जिलाध्यक्ष सुरेश सहनी व संचालन राजू बैठा ने किया। जगन्नाथ साह उच्च विद्यालय के मैदान में कलाकार सह राजद नेता खेसारी लाल यादव ने राजद प्रत्याशी पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। कहा कि बिहार की तस्वीर बदलने के लिए शिक्षा और रोजगार की आवश्यकता है।

इसके लिए सरकार बदलनी जरूरी है। बिहार के लोगों को बिहार में ही रोजी-रोजगार मिले इसके लिए वोट करना है। कहा कि मंदिर-मस्जिद की राजनीति से बिहार का भविष्य नहीं बदलेगा। उन्होंने भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह पर तंज कसते हुए कहा कि मेरी तो एक ही बीबी है किसी को चार-चार। मधुबन विधानसभा से महागठबंधन समर्थित प्रत्याशी के पक्ष में शनिवार को कलाकार सह राजद नेता खेसारी लाल यादव ने आदर्श मध्य विद्यालय के मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित किया।

कहा कि बिहार में बदलाव की हवा चल रही है। इसबार सूबे के युवाओं ने बिहार में बदलाव के साथ युवा सरकार के लिए कमर कस लिया है। 20 साल के नीतीश सरकार में एक भी उद्योग नहीं लगा, जिससे लोगों को रोजी-रोजगार मिल सके। विकास का राग अलापने वाली नीतीश सरकार रोजगार व नौकरी की मांग करने वाले युवाओं व नौजवानों पर लाठियां चलवाने का काम करती रही है।

### उपचुनाव को लेकर NC-PDP में जुबानी जंग

# CM उमर अब्दुल्ला ने महबूबा पर विश्वासघात का लगाया आरोप

**श्रीनगर, 09 नवंबर [एजेंसी]।**



बडगाम विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए मतदान के नजदीक आते ही नेशनल कान्फ्रेंस और पीडीपी के बीच वाकयुद्ध तेज हो गया है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने पीडीपी को जम्मू कश्मीर का सबसे बड़ा दुश्मन बताते हुए उस पर जनादेश से विश्वासघात करने का आरोप लगाया है। वहीं, पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने पलटवार करते हुए उमर को पिछले एक साल में उनके चुनावी वादों को याद करवाते हुए उन्हें पूरा न करने के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि हृष्ट ने कश्मीरियों के साथ धोखा किया है। इस चुनाव में दोनों दलों के बीच आरोप-प्रत्यारोप जारी हैं। उमर ने शनिवार को बडगाम के मीरगुंड में पार्टी उम्मीदवार आगा सैयद महमूद अल मौसुवी और बडगाम में पार्टी उम्मीदवार आगा सैयद मुतजिर के पक्ष में महबूबा ने रैली को संबोधित किया। उमर ने कहा कि जम्मू कश्मीर के बुरे दिन तभी शुरू हो गए थे, जब 2014 में पीडीपी ने भाजपा के गठबंधन सरकार बनाई थी। पीडीपी नगरोटा में अपना उम्मीदवार खड़ा न करके भाजपा के साथ अपने गुप्त गठजोड़ और रिश्तों को निभा रही है। आज राज्य के दर्जे, जम्मू कश्मीर के लोगों के विशेषाधिकार और पहचान के लिए लड़ने का दावा करने वाली पीडीपी ही जम्मू कश्मीर की बर्बादी का सबसे बड़ा कारण रही है। पीडीपी ने 2014 में भाजपा को दूर रखने के लिए घर-घर जाकर वोट मांगे, लेकिन जीतने के बाद उसी से हाथ मिला लिया। नेशनल कान्फ्रेंस ने कभी जम्मू कश्मीर के हितों के साथ कोई समझौता नहीं किया।

हमारी पार्टी ने कभी भाजपा के साथ हाथ नहीं मिलाया।पीडीपी-भाजपा गठबंधन सरकार ने ही तत्कालीन मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती की मंजूरी से प्रदेश में जीएसटी लागू किया। उन्होंने कहा कि कश्मीर में एक विश्वविद्यालय और बीसीसीआई की क्रिकेट अकादमी व स्टेडियम स्थापित किए जाने का प्रस्ताव है और हम इन्हें बडगाम में स्थापित करेंगे। कहा, बडगाम के वोट सरकार बनाएंगे या बिगाड़ेंगे नहीं, लेकिन वे बडगाम के विकास को आकार देंगे। मैं अब भी खुद को बडगाम का विधायक मानता हूं।उधर, महबूबा मुफ्ती ने पलटवार करते हुए कहा कि सभी को 1987 के विधानसभा चुनाव याद होंगे। कश्मीरियों को टास्क फोर्स, पोटा जैसे काले कानून नेशनल कान्फ्रेंस ने ही दिए। जम्मू कश्मीर की स्वायत्तता को समाप्त करने के लिए पीडीपी ने केंद्र का साथ दिया। पिछले एक साल में उमर सरकार अपने वादों को पूरा नहीं कर पाई है। उमर ने बडगाम की सीट छोड़कर स्थानीय लोगों से विश्वासघात किया था। बडगाम उपचुनाव सीट पर नेकां और पीडीपी के बीच मुख्य मुकाबला माना जा रहा है।

## बांग्लादेश में 142 स्थानों पर 7000 पुलिसकर्मियों ने किया सुरक्षा अभ्यास, ढाका में अशांति की आशंका

**ढाका 09 नवंबर।** बांग्लादेश पुलिस ने शनिवार को अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के 13 नवंबर को होने वाले ढाका लॉकडाउन कार्यक्रम से पहले राजधानी ढाका के प्रमुख स्थानों पर बड़े पैमाने पर सुरक्षा अभ्यास किया। ढाका मेट्रोपालिटन पुलिस (डीएमपी) के सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि अगले हफ्ते हिंसक विरोध प्रदर्शनों को रोकने के लिए अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस के आवास सहित 142 स्थानों पर लगभग 7,000 पुलिसकर्मियों ने सुरक्षा अभ्यास किया।ढाका में पुलिस की बढ़ी हुई मौजूदगी की सूचना है, जिससे 13 नवंबर को कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर राजधानी के लोगों की चिंता बढ़ गई है। हालांकि, डीएमपी ने इसे अपने नियमित सुरक्षा अभ्यास का हिस्सा बताया है। बांग्लादेश का अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी-बीडी) शेख हसीना की अनुपस्थिति में उनके विरुद्ध चल रहे मुकदमे पर जल्द ही फैसला सुनाने की तारीख की घोषणा कर सकता है।

# कर्नाटक में सोने के लिए महिला की हत्या, आरोपी ने शव को दो दिन तक घर में रखा, आरोपी गिरफ्तार

**बेंगलुरू, 09 नवंबर [एजेंसी]।**

कर्नाटक में पुलिस ने बताया कि एक बुजुर्ग महिला की हत्या कर दी गई, उसके शव को दो दिनों तक घर के अंदर छिपाकर रखा गया और बाद में उसे एक झील के पास फेंक दिया गया। यह घटना बेंगलुरु के निकट अनेकल तालुक के कूगुरु गांव की है। सरजापुर पुलिस द्वारा जांच के बाद अपराध का खुलासा हुआ। कूगुरु निवासी पीड़िता भद्रम्मा (68) 30 अक्टूबर को लापता हो



गई थी। उसके परिवार और ग्रामीणों द्वारा काफी खोजबीन के बावजूद उसका पता नहीं चल सका।31 अक्टूबर को सरजापुर पुलिस स्टेशन में एक गुमशुदगी की शिकायत दर्ज की गई, जिसके बाद पुलिस ने आस-पास के इलाकों में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया। कुछ दिनों बाद, 6 नवंबर को पुलिस को एक महत्वपूर्ण सुराग मिला, जिससे पता चला कि भद्रम्मा को आखिरी बार दीपा नामक एक महिला के घर जाते हुए देखा गया था, जो उसी गांव में रहती थी।

इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दीपा को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान उसने हत्या की बात कबूल कर ली और घटनाक्रम की एक चौंकाने वाली श्रृंखला का खुलासा किया।दीपा ने कथित तौर पर बुजुर्ग महिला को पारंपरिक मिठाई कज्जया देने के बहाने अपने घर बुलाया और फिर उसकी सोने की चेन चुराने के लिए उसका गला घोंट दिया।

# नागरिकता संशोधन कानून के तहत 12 और बांग्लादेशी हिंदुओं को मिली नागरिकता, बने भारतीय नागरिक

**बिलासपुर, 09 नवंबर [एजेंसी]।**

प्रतीक्षा खत्म, 12 और लोगों को भारतीय नागरिकता मिल गई है। ये लोग पूर्वी पाकिस्तान (वर्तमान बांग्लादेश) से आकर बसे 2500 परिवारों के 14500 शरणार्थियों में से हैं जो पिछले 61 सालों से नागरिकता का इंतजार कर रहे थे। 13 लोगों को भारत की नागरिकता प्रदान करने का संदेश मिलते ही क्षेत्र के लोगों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा।संदेश मिलते ही खुशी से उछल पड़े। एक-दूसरे को बधाई दी। मिठाई मंगाकर उसका वितरण करते हुए एक-दूसरे का मुंह मीठा किया। भारत सरकार का धन्यवाद भी किया। हालांकि 650 लोगों ने नागरिकता के लिए आवेदन किया था। क्षेत्र में बिना नागरिकता के निवास कर रहे बांग्लादेशी हिंदुओं के लगभग 2500 परिवारों के 14500 हजार शरणार्थी लोग रह रहे है। यह लोग लंबे समय से नागरिकता को लेकर कानूनी लड़ाई लड़ते आ रहे हैं। प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर देश के राजनेताओं तक नागरिकता का मुद्दा खूब उठाया गया। निखिल भारत बंगाली समन्वय समिति के विधिक राष्ट्रीय उपाध्यक्ष



दीपांकर बैरागी, प्रकाश राय तथा रविन्द्र सिकदार ने बताया कि क्षेत्र के बंगाली बाहुल्य गांव अशोकनगर उर्फ मानपुर ओझा उर्फ बंगाली कालोनी, गोकुलनगरी और दिबदिबा आदि गांवों में शरणार्थियों की आबादी लगभग साढ़े 14 हजार हैं। इनमें कुछ को तो नागरिकता दी गई और उन्हें सरकार ने पुनर्वास के तहत प्रति परिवार पांच एकड़ भूमि पंजीकृत पट्टे के रूप में भी दी।1964 के बाद से धीरे-धीरे बांग्लादेश से भी कुछ परिवार आकर बसे। इनकी संख्या आज हजारों में पहुंच गई है। उन्हें आज तक नागरिकता नहीं मिल सकी। विधिक राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने बताया कि 1955 का कानून था कि माता-पिता दोनों भारतीय हों तो उन्हें नागरिकता दी जाएगी। इसके बाद 2003 में नागरिकता कानून में संशोधन हुआ, जिसमें माता-पिता में एक व्यक्ति भारत का नागरिक हो, उसे भारत की नागरिकता देने का नियम लागू हुआ। बांग्लादेश से आए शरणार्थियों ने भारतीय नागरिकता के लिए काफी लंबी लड़ाई लड़ी।वहीं दूसरी ओर 12 शरणार्थी लोगों को भारत की नागरिकता मिलने पर उनका खुशी के मारे ठिकाना ना रहा। शुक्रवार की शाम पांच बजे जैसे ही उनके मोबाइल पर मैसेज आया, तो वह खुशी से उछल पड़े। कहा कि उनके लिए यह पल ऐतिहासिक है, जिसे वह जीवन भर भूल नहीं पाएंगे। इस समय उनकी चौथी और पांचवीं पीढ़ी चल रही है। उन्होंने सरकार का शुक्रिया अदा किया। साथ ही एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी भी प्रकट की।जिन लोगों को भारतीय नागरिकता मिली है।

उनमें रविंद्र विश्वास, गौतम कुमार बढ़ई, प्रकाश बढ़ई, मदन मोहन बढ़ई, महानंद बढ़ई, रविंद्र सरकार, गोपाल तरफदार, शांति भंडार, अमूल्य मलिक, लक्ष्मी राय, वीरेंद्र, निकिता दास शामिल हैं।समिति के विधिक राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने बताया कि दस्तावेज को लेकर नागरिकता मिलने में समस्या आ रही है। जिसका समाधान करवाया जाए। बताया कि 650 लोगों ने नागरिकता के लिए आवेदन किया है। लेकिन दस्तावेज न होने के कारण उनके आवेदन पत्र पेंडिंग में पड़े हैं। जिससे उन्हें नागरिकता नहीं मिल पा रही है। अधिकतर लोगों के पास दस्तावेज नहीं है, जिसकी वजह से समस्या उत्पन्न हो रही है। सबसे पहले क्षेत्र के मात्र एक व्यक्ति तपन विश्वास को नागरिकता मिली। उसके बाद अब 12 लोगों और नागरिकता मिल गई है। उन्होंने अधिकारियों तथा सरकार से इस समस्या का समाधान निकालने की मांग की। कहा कि उन्हें सरकार की समस्त मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। क्षेत्र के गांव मानपुर ओझा-बंगाली कालोनी, गोकुलनगरी, कौशलगंज, धनोरा फार्म, नगरिया खुर्द, लालपुर, दिबदिबा, रामनगर, शिवनगर, गदा फार्म, गोविंदपुरा, चकफेरी के अलावा नगर के अलग-अलग मुहल्लों में बंगाली परिवार निवास करते हैं। यहां पूर्व में आए लोगों के पास नागरिकता हैं, लेकिन बाद में जो लोग आकर बसे हैं, उन्हें नागरिकता नहीं मिली।

नागरिकता संसोधन अधिनियम के बाद बंगाली समाज ने केंद्र सरकार के सम्मुख दो अन्य मांगों को भी उठाया। कहा कि इस कानून के पारित होने के बाद उन्हें केंद्र सरकार से काफी उम्मीद जगी हैं। कि उन्हें इसके साथ-साथ भूमियों का मालिकाना हक भी दिया जाए। साथ ही बंटवारे के बाद हिन्दू बंगाली समाज जहां मूल निवास करते हैं उनकी उपजातियां नामोंशुद्र, पोण्ड्रा, मांझी, राजवंशी आदि अनुसूचित जाति के अंतर्गत आते हैं। उन्हें पश्चिम बंगाल और उड़ीसा आदि राज्यों में मान्यता भी मिल गई हैं। मगर उन्हें उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में यह मान्यता नहीं मिली हैं। प्रदेश में रहने वाली इन जातियों को मान्यता दी जाए।

## जनपद सदस्य की नियुक्ति पर आपत्ति, सहकारी समिति में हितों के टकराव का मामला उजागर

**बैकुंठपुर (कोरिया)।** सहकारिता विभाग कोरिया के अंतर्गत आदिवासी जाति सेवा सहकारी समिति, सलबा (बैकुंठपुर) में हाल ही में हुई नियुक्ति को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। समिति में जनपद सदस्य को अध्यक्ष तथा प्राधिकृत अधिकारी के रूप में नियुक्त किए जाने पर गंभीर आपत्ति जताई गई है। इस संबंध में बैकुंठपुर निवासी राजेश राजवाड़े द्वारा एक लिखित शिकायत सहायक आयुक्त सहकारिता विभाग को सौंपी गई है, जिसमें नियुक्ति को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की मांग की गई है।

शिकायत में उल्लेख किया गया है कि वर्तमान में जनपद पंचायत बैकुंठपुर के एक जनपद सदस्य को उक्त सहकारी समिति का अध्यक्ष एवं प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है। शिकायतकर्ता का कहना है कि जनपद सदस्य रहते हुए सरकारी मानदेय प्राप्त करने वाला व्यक्ति किसी सहकारी संस्था का प्राधिकृत अधिकारी नहीं हो सकता। यह स्थिति स्पष्ट रूप से हितों के टकराव की श्रेणी में आती है।

राजवाड़े ने यह भी आरोप लगाया है कि संबंधित व्यक्ति को पहले तत्काल समिति का सदस्य बनाया गया और उसी समय अध्यक्ष पद पर नियुक्त कर दिया गया। यह प्रक्रिया सहकारी भावना, पारदर्शिता और निष्पक्षता के मूल सिद्धांतों के विपरीत है। शिकायत में कहा गया है कि ऐसी नियुक्ति न केवल नियमों का उल्लंघन है बल्कि शासन की विश्वसनीयता पर भी प्रश्नचिन्ह खड़ा करती है।

पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि सहकारी समितियों का उद्देश्य आम लोगों को जोड़ना और पारदर्शी तरीके से कार्य करना होता है, लेकिन इस तरह की जल्दबाज़ी में की गई नियुक्ति से संदेह उत्पन्न होता है कि प्रक्रिया में प्रभावशाली व्यक्तियों का हस्तक्षेप रहा है। शिकायतकर्ता ने मांग की है कि विभाग इस मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करे ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति न बने।

शिकायत पत्र दिनांक 6 अगस्त 2025 को प्रस्तुत किया गया है, जिस पर संबंधित अधिकारी की मुहर एवं प्राप्ति तिथि दर्ज है। शिकायतकर्ता ने पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि नियुक्ति प्रक्रिया का पूरा विवरण सार्वजनिक किया जाए और यदि किसी प्रकार की अनियमितता पाई जाए तो उसे निरस्त किया जाए।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, इस मामले ने सहकारी विभाग के भीतर हलचल मचा दी है और विभाग के अधिकारी इस पर जांच प्रारंभ करने की तैयारी में हैं। वहीं, जनपद पंचायत के कुछ सदस्यों ने भी इस नियुक्ति को लेकर असंतोष व्यक्त किया है।

जनता और सहकारी समिति के सदस्यों का कहना है कि यदि शिकायत में बताए गए तथ्य सही पाए जाते हैं, तो यह सहकारी सिद्धांतों का उल्लंघन है और इस पर तत्काल कार्यवाही की जानी चाहिए। अब देखना यह होगा कि विभाग इस आपत्ति पर क्या कदम उठाता है और क्या नियुक्ति को रद्द किया जाएगा या नहीं।

### 8 से 10 किलो तक पहुंचा वजन, झुककर चलने को मजबूर नौनिहाल

# बच्चों पर बढ़ता स्कूल बैग का बोझ

**कृष्ण विभूति तिवारी**

**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले के सरकारी और निजी स्कूलों में पढ़ने वाले छोटे-छोटे बच्चे आज शिक्षा का असली बोझ अपने कंधों पर ढो रहे हैं। जिले के अधिकांश स्कूलों में छात्रों के स्कूल बैग का वजन 8 से 10 किलो तक पहुंच चुका है। स्थिति यह है कि बच्चे भारी बैग के कारण झुककर चलते हैं और कई बार थकावट के चलते स्कूल पहुंचने से पहले ही परेशान हो जाते हैं।

हालांकि स्कूलों की ओर से समय-सारणी (टाइम टेबल) निर्धारित की गई है, लेकिन व्यावहारिक रूप से सभी विषयों की किताबें, नोटबुक्स और अन्य स्टडी मटेरियल रोजाना लाने की बाध्यता बच्चों के बोझ को कई गुना बढ़ा देती है। विशेष रूप से प्राथमिक कक्षाओं के बच्चे इस भारी बोझ को उठाने में सबसे अधिक परेशान हैं। कई छात्र 5 से 7 किलोमीटर की दूरी तय कर स्कूल पहुंचते हैं, जिससे उनकी शारीरिक थकावट और बढ़ जाती है।

शिक्षा विशेषज्ञों के अनुसार, बच्चों के बैग का वजन उनके शरीर के वजन का 10 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए। लेकिन कोरिया जिले के स्कूलों में यह सीमा कई गुना पार हो रही है। स्कूलों में लॉकर सिस्टम, विषयवार बुक विभाजन, डिजिटल अध्ययन सामग्री और गृहकार्य की संतुलित योजना से इस समस्या को काफी हद तक दूर किया जा सकता है। शिक्षा विभाग और स्कूल प्रबंधन को इस गंभीर मुद्दे पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है, ताकि बच्चे शिक्षा का बोझ नहीं बल्कि उसका आनंद लेकर आगे बढ़ सकें।



**एनसीईआरटी की तय सीमा से कई गुना ज्यादा वजन उठा रहे छात्र, स्वास्थ्य पर गंभीर असर की आशंका**

#### क्लास के हिसाब से निश्चित है बैग का वजन

**एनसीईआरटी और मानव संसाधन विकास मंत्रालय की गाइडलाइन के मुताबिक**

कक्षा 1 से 2 तक के बच्चों का बैग 1.5 से 2.5 किलोग्राम,
कक्षा 3 से 5 तक 2 से 4 किलोग्राम,
कक्षा 6 से 7 तक 4 से 5 किलोग्राम,
कक्षा 8 से 9 तक 5 से 5.5 किलोग्राम,
और कक्षा 10 तक के लिए अधिकतम 5.5 किलोग्राम से अधिक नहीं होना चाहिए।

#### बैग के बोझ से शरीर पर असर



बच्चों पर ज्यादा वजन का असर केवल उनकी रीढ़ की हड्डी पर ही नहीं पड़ता, बल्कि इससे पोश्चर बिगड़ना, मांसपेशियों में खिंचाव, गर्दन व कंधों में दर्द, थकान और सांस लेने में कठिनाई जैसी स्वास्थ्य समस्याएं भी उत्पन्न हो सकती हैं। वही ज्यादातर मामलों में अधिक वजन ढोने से थके बच्चे अध्ययन में भी रुचि नहीं दिखाते।

# ग्राम पंचायत मनसुख में पुल निर्माण का भूमि पूजन, विकास की नई दिशा की ओर कदम

कोरिया बैकुंठपुर। कोरिया जिले के बहूप्रशिक्षित धनुहार नदी पर पुल निर्माण का भूमि पूजन गत 7 नवम्बर 25, शुक्रवार को ग्राम पंचायत मनसुख में बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। यह अवसर न केवल ग्रामवासियों के लिए ऐतिहासिक पल था, बल्कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव भी साबित हुआ। लंबे समय से ग्रामवासी इस पुल की मांग कर रहे थे, जो अब पूरी होने जा रही है। इस पुल के निर्माण से क्षेत्र के लोगों को आवागमन की सुविधा मिलेगी, साथ ही सामाजिक और आर्थिक गतिविधियों में भी तेजी आएगी।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भैया लाल राजवाड़े (विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री) उपस्थित रहे। उनके साथ मोहित पैकरा अध्यक्ष जिला पंचायत कोरिया, श्रीमती वंदना विजय राजवाड़े (जिला पंचायत उपाध्यक्ष), श्रीमती शिव कुमारी (जिला पंचायत सदस्य), श्रीमती सुषमा कोरमा (जिला पंचायत सदस्य), श्रीमती संगीता सोनवानी (जिला पंचायत सदस्य) तथा श्रीमती सौभाग्यवती सिंह खुसरो (जिला पंचायत सदस्य) भी इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुईं। इसके अतिरिक्त आसपास के क्षेत्रों के सरपंच, उप सरपंच, पंचगण तथा स्थानीय नागरिकों की भी भारी उपस्थिति रही। भूमि पूजन कार्यक्रम पारंपरिक विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ आरंभ हुआ। पूजा-अर्चना के पश्चात अतिथियों ने नारियल फोड़कर और कुदाल चलाकर पुल निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। ग्रामीणों ने पारंपरिक वेशभूषा में स्वागत गीतों और नारे लगाकर अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया। इस दौरान गांव में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक भैया लाल राजवाड़े ने कहा कि यह पुल न केवल मनसुख ग्राम बल्कि आसपास के कई गांवों के लोगों के जीवन में परिवर्तन लाएगा। इस क्षेत्र को अब विकास की नई पहचान मिलेगी। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा किया जाएगा ताकि जनता को शीघ्र सुविधा मिल सके।

श्रीमती वंदना विजय राजवाड़े ने अपने संबोधन में कहा कि पुल का निर्माण ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग थी, और अब यह सपना साकार होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस पुल से शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापारिक गतिविधियों में वृद्धि होगी।

वहीं, अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी कहा कि यह पुल ग्रामीण विकास का प्रतीक है और आने वाले समय में यह क्षेत्र के आर्थिक उत्थान में अहम भूमिका निभाएगा।कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस पुल के बनने से बरसात के दिनों में अब आवागमन की समस्या नहीं रहेगी। लोग स्कूल, अस्पताल और बाजार तक आसानी से पहुंच सकेंगे।इस प्रकार ग्राम पंचायत मनसुख में आयोजित यह भूमि पूजन समारोह विकास की दिशा में एक मजबूत कदम साबित हुआ। पुल निर्माण कार्य की शुरुआत ने क्षेत्रवासियों के बीच नव उत्साह और उम्मीद की किरण जगा दी है। एक बार फिर से समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।



## जवाहरलाल ने संभाली पोड़ी थाने की कमान

**चिरमिरी।** एसपी रत्ना सिंह ने विभागीय फेरबदल किया है। इसके तहत निरीक्षक जवाहरलाल गायकवाड़ ने शुक्रवार को थाना पोड़ी का पदभार ग्रहण किया। वे पहले जनकपुर और केल्हारी थाने में थाना प्रभारी रह चुके हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जाएगा। आगे कहा कि पुलिस और जनता के बीच बेहतर तालमेल से ही अपराध पर नियंत्रण संभव है। पदभार ग्रहण के बाद उन्होंने लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और थाना स्टाफ को निर्देश दिए कि किसी भी शिकायत पर त्वरित व निष्पक्ष कार्रवाई की जाए।

## अस्पताल परिसर में किया बोर

**पटना।** पटना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या के समाधान की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। विधायक भईया लाल राजवाड़े के प्रयासों से अब अस्पताल परिसर में नया बोर उत्खनन कर शुद्ध पेयजल की स्थायी सुविधा विकसित की जा रही है। पूर्व में अस्पताल में पानी की आपूर्ति के खराब बोर के माध्यम से की जाती थी, लेकिन उस दौरान सप्लाई किए जा रहे पानी में अक्सर लाल रंग दिखाई देता था। इसके कारण अस्पताल के विभिन्न उपकरणों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता था और मशीनें बार-बार खराब हो जाती थीं। पीने का पानी कोरिया नीर से लाया जाता था, जो दूर था। अब नई बोरिंग मशीन से सीधा भूमिगत जल उपलब्ध होगा, जिससे स्वच्छ और निरंतर जलापूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। बोरिंग कार्य पूरा होने के बाद न केवल अस्पताल के मरीजों और स्टाफ को राहत मिलेगी, बल्कि आसपास के क्षेत्रवासियों को भी स्वच्छ पेयजल की सुविधा प्राप्त होगी। इस कार्य में विधायक भईयालाल राजवाड़े सहित बीएमओ श्रेष्ठ मिश्रा व जीवन दीप समिति की सक्रिय भूमिका रही। समिति के सदस्यों ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए खनन कार्य के लिए वाहन और तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराया। समिति पिछले 30 वर्षों से स्वास्थ्य केंद्र की विभिन्न जरूरतों के लिए सहयोग करती आ रही है।





## गोदग्राम मानपुर में एनएसएस शिविर लगाया

**शंकरगढ़।** अरुण प्रताप सिंहदेव शासकीय महाविद्यालय शंकरगढ़ की एनएसएस इकाई ने शनिवार को गोदग्राम मानपुर में सुबह 10 बजे से दोपहर 4.30 बजे तक दिवा शिविर का आयोजन किया। शिविर की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पुनीत राय ने की। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित भूतपूर्व सरपंच लिदूराम ने स्वयंसेवकों को सामाजिक जिम्मेदारी, नेतृत्व कौशल और ग्रामीण विकास में युवाओं की भूमिका पर प्रेरक उद्बोधन दिया।

शिविर के दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों ने पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान, नशा मुक्ति, स्वास्थ्य व मतदाता जागरूकता जैसे विभिन्न सामाजिक विषयों पर जन-जागरूकता गतिविधियां संचालित की। स्वयंसेवकों ने श्रमदान कर ग्राम परिसर की सफाई की और ग्रामीणों को स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के बाद स्वयंसेवकों ने भोजन की समुचित व्यवस्था भी की। समापन सत्र में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अनुभा मिंज ने सभी अतिथियों, प्राध्यापकों, कर्मचारियों व स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त कर कहा कि यह शिविर छात्रों के लिए सामाजिक सेवा, अनुशासन और नेतृत्व सीखने का अमूल्य अनुभव सिद्ध हुआ। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, कर्मचारी व एनएसएस स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## बारिश से फसल बर्बाद: कांग्रेस ने मुआवजा देने की उठाई मांग



**बैकुंठपुर।** बैकुंठपुर कोरिया जिले में असमय हुई बारिश से धान की फसल बुरी तरह प्रभावित हुई है। खेतों में तैयार खड़ी फसल पानी में भीगकर सड़ चुकी है, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान हुआ है। इसी को लेकर किसान कांग्रेस बैकुंठपुर के जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार राजवाड़े ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए प्रभावित किसानों को मुआवजा और ऋण माफी की मांग की है।

ज्ञापन में लिखा है कि लगातार बारिश के कारण जिले के अधिकांश किसानों की धान की फसल खेतों में ही खराब हो गई है। कई किसानों की फसल कटाई-मिंजाई से पहले ही सड़ गई, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। अधिकांश किसान अपनी आजीविका के लिए पूरी तरह खेती पर निर्भर हैं, ऐसे में फसल की बर्बादी से उनके परिवारों के सामने जीविकोपार्जन की परेशानी बढ़ गई है। राजवाड़े ने कहा कि किसानों ने इस सीजन में खेती के लिए बीज, खाद और अन्य कृषि सामग्री खरीदी थी, जिसका भुगतान अब संभव नहीं हो पा रहा है। ऐसे में प्रभावित किसानों के लिए ऋण माफी आवश्यक है। उन्होंने जिला प्रशासन से आग्रह किया कि फसल क्षति का सर्वे कर जल्द मुआवजा प्रदान किया जाए, ताकि किसानों को राहत मिल सके।

## छत्तीसगढ़ में 200 यूनिट बिजली-बिल हाफ की प्लानिंग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार बिजली बिल में आम जनता को राहत देने की तैयारी में है। सरकार 100 यूनिट को बढ़ाकर 200 यूनिट तक हाफ बिजली बिल करने की तैयारी में है। इससे 14 लाख उपभोक्ताओं को राहत मिल सकती है। सीएम विष्णुदेव साय ने योजना को लेकर संकेत दिए हैं। बिजली विभाग ने हाफ बिल को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। बिजली दरों को लेकर फाइल ष्टरू सचिवालय भेजी गई है। प्रस्ताव मंजूर होने पर घरेलू उपभोक्ताओं को लाभ मिल सकेगा। अब 800-900 तक आने वाला बिल 420 से 435 रुपए तक आ सकता है।4 महीने पहले यानी 1 अगस्त 2025 को सरकार ने बिजली बिल हाफ योजना पर बड़ा बदलाव किया था। भूपेश सरकार के समय लागू 400 यूनिट की सीमा को घटाकर 100 यूनिट कर दिया था। इस बदलाव का असर सीधे-सीधे लाखों परिवारों पर पड़ा था। बिल लगभग डबल हो गया था।

# तहसील के बाबू पर लेन-देन का आरोप



**चिरमिरी।** तहसील कार्यालय में वर्षों से पदस्थ एक लिपिक (बाबू) के कार्यकाल और उनके विरुद्ध लेन-देन की शिकायतों को लेकर अधिवक्ताओं ने आवाज उठाई है। अधिवक्ता संघ के सचिव राम अंजोर दुबे और पूर्व कोषाध्यक्ष समर सिंह ने इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी को शिकायत पत्र सौंप उक्त बाबू के स्थानांतरण की मांग की है।

शिकायत में दोनों अधिवक्ताओं ने उल्लेख किया है कि तहसील कार्यालय में पदस्थ किन्डो बाबू लंबे समय से न्यायालयीन कार्यों में मनमानी कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बाबू द्वारा आवेदकों से कार्य कराने के एवज में रुपए मांगे जाते हैं और रुपए नहीं देने की स्थिति में उनके कामों में जानबूझकर देरी की जाती है। अधिवक्ताओं का कहना है कि गरीब और आम जनता इस रवैये से परेशान हैं।

शिकायतकर्ताओं ने यह भी बताया कि इस बाबू के खिलाफ पहले भी शिकायत की थी, लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने बताया कि किन्डो बाबू पिछले 15 वर्षों से लगातार तहसील कार्यालय में पदस्थ हैं, जबकि सरकारी नियमों के अनुसार कर्मचारियों का नियमित स्थानांतरण आवश्यक है। अधिवक्ता समर सिंह ने आगे बताया कि 31 अक्टूबर को चिरमिरी थाने से धारा 170 भारतीय दंड संहिता के तहत कुछ आरोपियों को न्यायालय में पेश किया था। इस दौरान लिपिक ने कथित रूप से उन आरोपियों को रिहा करवा दिया, जिनसे उसे रुपए प्राप्त हुए, जबकि जो पैसे देने में असमर्थ थे, उन्हें जेल भेज दिया। अधिवक्ताओं ने मांग की है कि उक्त लिपिक के विरुद्ध तत्काल जांच कर कार्रवाई की जाए और स्थानांतरण अन्यत्र किया जाए। यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो अधिवक्ता संघ आंदोलन करने बाध्य होगा।

## 5 नवंबर से शुरू होगी धान खरीदी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू होने जा रही है। इस साल 26 लाख से ज्यादा किसान अपना धान बेचेंगे। 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान बेच सकेंगे। धान बेचने के लिए 2739 केंद्र बनाए गए हैं। धान की खरीदी 31 जनवरी 2026 तक की जाएगी। जूट बोरे, तौल मशीन, परिवहन और भंडारण व्यवस्था पूरी कर ली गई है। साथ ही धान बेचने के सात दिन के भीतर ही किसानों को धान का पैसा उनके खातों में भेज दिया जाएगा। इस साल छत्तीसगढ़ को सेंट्रल पूल में 73 लाख टन चावल भेजने का टारगेट दिया गया है।

## शैक्षिक समन्वयक संघ ने नए बीईओ दुबे का स्वागत किया



**बैकुंठपुर।** शैक्षिक समन्वयक संघ कोरिया ने बैकुंठपुर ब्लॉक के नवनियुक्त बीईओ गोपाल कृष्ण दुबे का स्वागत व सम्मान समारोह आयोजित किया। इस दौरान संघ के पदाधिकारियों व शिक्षकों ने पुष्पगुच्छ व प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका हार्दिक स्वागत किया। कार्यक्रम में बीईओ दुबे ने कहा कि कोरिया जिले में शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक माहौल है और इसे और सशक्त बनाने के लिए हम सभी को एक टीम के रूप में मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और नवाचार से ही जिले का नाम प्रदेश में ऊंचा किया जा सकता है। शैक्षिक समन्वयक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष बृज राज गिरी और जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने कहा कि दुबे का नेतृत्व मिलना संगठन और शिक्षकों के लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके मार्गदर्शन में शिक्षा व्यवस्था में नई ऊर्जा और पारदर्शिता आएगी। कार्यक्रम में बीआरसी प्रमुख नीलेश शुक्ला, सहायक बीईओ देवेश जायसवाल, महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष संध्या मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष छत्रपाल राजवाड़े, जिला मीडिया प्रभारी मोहम्मद नय्यर अंसारी, संगठन सचिव सुशील शुक्ला आदि मौजूद थे।

# न्यूड वीडियो कॉल कर बुजुर्ग से ठगे 32 लाख, दो गिरफ्तार


**बैकुंठपुर।** कोरिया जिला के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के एक बुजुर्ग से ऑनलाइन ठगी के मामले में पुलिस दो वर्ष से फरार चल रहे दो आरोपियों को हरियाणा से गिरफ्तार किया है। मामला वर्ष 2023 का है, जब बैकुंठपुर निवासी 72 वर्षीय बिजेंद्र कुमार यादव के साथ व्हाट्सएप वीडियो कॉल के जरिए 32 लाख रुपए की ठगी की थी।

मामले में पुलिस ने बताया कि 21 मई 2023 की रात 8 बजे उसके मोबाइल पर एक व्हाट्सएप वीडियो कॉल आया। कॉल उठाने पर स्क्रीन पर एक युवती न्यूड अवस्था में दिखाई दी, जिससे उसने तुरंत कॉल डिस्कनेक्ट कर नंबर डिलीट कर दिया। इसके बाद अज्ञात व्यक्ति ने अश्लील फोटो भेजकर 50 हजार रुपए मांगा और रकम नहीं देने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी। डर के कारण प्रार्थी ने 22 से 24 मई 2023 के बीच अलग-अलग बैंक खातों में कुल 32 लाख भेज दिए। मामले में अपराध दर्ज कर पुलिस ने विवेचना शुरू की।

जांच के दौरान पहले दो आरोपी किसन कुमार उर्फ कृष्ण कुमार और नीरज कुमार को गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान पेश किया, जिन्हें 3-3 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई थी। अग्रिम विवेचना के तहत टीम गठित की गई। टीम ने तकनीकी विश्लेषण और सुराग के आधार पर हरियाणा से फरार आरोपी अक्षय कुमार और लोकेश कुमार को गिरफ्तार किया। जांच में पाया कि ठगी की राशि में से 12 लाख और 4 लाख रुपए इन आरोपियों के खातों में ट्रांसफर हुए थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से बैंक खातों से जुड़े मोबाइल फोन और सिम कार्ड जब्त किया है। दोनों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। पुलिस मामले में अन्य संभावित साथियों की भी तलाश कर रही है।

## दंपती पर मधुमक्खियों का हमला, पति की हुई मौत

**पटना।** पंडोपारा क्षेत्र में मधुमक्खियों के हमले में एसईसीएल कर्मी की मौत हो गई। वह अपनी पत्नी के साथ जंगल की ओर गया था, जहां मधुमक्खियों ने दोनों पर हमला कर दिया। कॉलरी कर्मी की पत्नी ने किसी तरह भागकर जान बचाई और ग्रामीणों को सूचना दी। गंभीर रूप से घायल मजदूर की मौत अंबिकापुर ले जाते समय हो गई। मधुमक्खियों के काटने से मौत की एक सप्ताह में यह दूसरी घटना है। एसईसीएल की झिलमिली कॉलरी में कार्यरत कॉलरी कर्मी सुबरन पिता राम प्रसाद शनिवार को लकड़ी लेने अपनी पत्नी के साथ जंगल की ओर गया था। बड़कापारा के पास मधमुक्खियों ने दोनों पर हमला कर दिया। दोनों बचने के लिए भागे। सुबरन को मधुमक्खियों ने डंक मारकर घायल कर दिया। वे भागने के दौरान रास्ते में ही गिर गए। वहीं उनकी पत्नी किसी तरह भाग निकली। दोनों को बचाने रेनकोट पहनकर पहुंचे ग्रामीण- मधुमक्खियों के हमले में सुबरन के घायल होने की सूचना ग्रामीणों को मिली तो वे रेनकोट पहुंचकर उन्हें बचाने पहुंचे। सुबरन गंभीर अवस्था में पड़ा था। उन्हें ग्रामीण सड़क तक लाए, फिर उन्हें पास के पटना हॉस्पिटल के बजाए 30 किमी दूर चरचा रीजनल हॉस्पिटल पहुंचाया।


गौरवशाली 25 वर्ष
छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25
हमर छत्तीसगढ़
विकास और विश्वास का नया दौर
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
स्वास्थ्य
सन् 2000
स्वास्थ्य सूचकांक: 0.585
शिशु मृत्यु दर प्रति हजार जीवित जन्म पर 77
ग्रामीण स्वास्थ्य ढांचा कमजोर
जिला अस्पतालों की संख्या 06
सन् 2025
स्वास्थ्य सूचकांक: 0.672
शिशु मृत्यु दर: प्रति हजार जीवित जन्म पर 38
ग्रामीण स्तर पर स्वास्थ्य व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण
जिला अस्पतालों की संख्या 30
S-45738/1
QR स्कैन करें
सुशासन से समृद्धि की ओर
Visit us : ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

# कोरिया जिले से फिर लौटा 11 हाथियों का दल कटघोरा वनमण्डल, बढ़ाई गई निगरानी



**कोरबा।** जिले के कटघोरा एवं कोरबा वनमंडल में हाथियों का आतंक लगातार जारी है। यहां के कटघोरा वनमंडल से 11 की संख्या में अलग होकर हाथियों का एक झूण्ड पड़ोसी कोरिया जिला चला गया था। जिससे वन विभाग तथा वनांचल के ग्रामीणों ने राहत की सांस ली थी, लेकिन हाथियों का यह दल एक बार फिर तनेरा व सेमरहा गाड़ा गोड़ा के रास्ते कटघोरा वन मण्डल पहुंच गये है। जिससे वन विभाग की परेशानी और भी बड़ गई है। इसे देखते हुए निगरानी बड़ा दी गई है। हाथियों का यह दल वर्तमान में पसान व जटगा रेंज की सीमा पर है। हाथियों के दल ने यहां पहुंचने से पूर्व रास्ते में कई ग्रामीणों के धान की फसल को रौंद दिया। जिससे संबंधितों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। कटघोरा वन मण्डल के ही एतमानगर रेंज के मड़ई व पचरा क्षेत्र में पहले से 42 हाथियों का दल मौजूद है जो लगातार उत्पात मचाकर ग्रामीणों व वन विभाग के नाकों में दम कर रखा है। हाथियों का यह दल दिनभर जंगल में विश्राम करने के बाद रात में निकलता है और खेतों में पहुंचकर वहां लगे धान की फसल को रौंदने के साथ तहस-नहस कर देता है, जिससे ग्रामीण काफी हलाकान है। ग्रामीणों द्वारा हाथी समस्या को समाप्त करने तथा अपने फसल की सुरक्षा की गुहार लगातार लगाई जा रही है लेकिन उन्हें राहत नहीं मिल पा रही है जो चिंता का विषय है। वन विभाग अपनी ओर से हाथियों पर नियंत्रण करने की कोशिश में लगे हुए है लेकिन उन्हें अपेक्षित सफलता नहीं मिल पा रही है। इस बीच कोरबा वन मण्डल के करतला रेंज में भी हाथियों का उत्पात जारी है। यहां के पीडिया व बांधाखार क्षेत्र में 38 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। हाथियों के दल ने बीती रात फिर उत्पात मचाते हुए दोनों गांव में 12 से अधिक किसानों की धान की फसल को मटियामेट कर दिया है, जिसका आकंलन वन अमला मौके पर पहुंचकर कर रहा है। हाथियों के दल में शामिल एक दंतैल हाथी दल से अलग होकर बोतली गांव के पास पहुंच गया था और वहां शिवनारायण कंवर नामक एक 36 वर्षीय युवक से सामना होने पर उस पर हमला कर उसे घायल करने के साथ पैरोतले कुचल दिया था, जिससे उसकी घटना स्थल पर मौत हो गई थी। इस घटना के बाद ग्रामीणों में काफी आक्रोश व्याप्त हो गया था जिसे वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने किसी तरह समझा-बुझा कर शांत कराया। क्षेत्र में हाथियों के द्वारा लगातार फसल रौंदे जाने तथा उत्पात से ग्रामीण बेहद परेशान है।

## गोदाम से कीमती सामान को पार किया चोरों ने



**कोरबा।** शहर के दर्री रोड स्थित हाजी इखलाक खान असरफी, अध्यक्ष सुन्नी मुस्लिम जमात कोरबा, के निजी गोदाम में शनिवार देर रात चोरी की बड़ी वारदात घटित हुई, जिसमें अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर कीमती सामानों को पार कर दिया। इसकी सूचना पुलिस को दे दी गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, अज्ञात चोरों ने गोदाम की बाउंड्रीवॉल को जेसीबी मशीन से तोड़कर अंदर प्रवेश किया और ठेकेदारी से संबंधित एचडीडी मशीन का कीमती सामान चोरी कर लिया । चोरी की गयी सामान की कीमत लगभग 6 लाख रुपये बताई जा रही है। यह घटना शनिवार रात लगभग 2 बजे की बताई जा रही है।

सुबह जब घटना का पता चला तो तत्काल इसकी सूचना कोतवाली थाना कोरबा को लिखित रूप में दी गई। जिस पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। हाजी इखलाक खान ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि इस चोरी की घटना में शामिल लोगों की जल्द पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।



## देवांगन होंगे गौरापूजा के मुख्य अतिथि



**कोरबा।** एसईसीएल सुभाष ब्लाक कालोनी में कल से गौरा पूजन का आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के मंत्री लखन लाल देवांगन उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर संजू देवी राजपूत भी उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम पूर्व महापौर जोगेश लांबा को भी आमंत्रित किया गया है। पार्षद धन कुमार गर्ग, सुशील गर्ग, मनोरमा सहित सभी कार्यकर्ता कार्यक्रम को सफल बनाने में लगे हुए है। गौरा पूजन में कालोनी के सभी नागरिक उपास्थित रहेंगे। सुभाष ब्लाक में प्रत्येक वर्ष गौरा-गौरी पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्र के निवासी भाग लेते है और कार्यक्रम को सफल बनाते है। भोलेनाथ की बारात मंगलवार को सायं 5 बजे चौहान मोहल्ला से निकाली जायेगी जो पार्षद धनकुमारी गर्ग के निवास पर पहुंचेगी।

## कोरबा के खिलाड़ी राजनांदगांव में दिखायेंगे दमखम



**कोरबा।** जू-जित्सु राज्य स्तरीय सब जुनियन वर्ग चैम्पियनशिप में भाग लेने के लिए लेवरल अप मिक्स्ड मार्शल आर्ट अकादमी के 18 प्रतिभाशाली खिलाड़ी शिवनाथ एक्सप्रेस से राजनांदगांव रवाना हो गये है। यह प्रतियोगिता अजीज पब्लिक स्कूल राजनांदगांव में आयोजित हो रही है। इस प्रतियोगिता में जो भी खिलाड़ी विजेता रहेगा उन्हें आगामी राष्ट्रीय जू-जित्सु चैम्पियनशिप जो कि आईजीआई स्पोर्टस स्टेडियम हल्द्वानी में आयोजित होगी। में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त होगा। कोरबा से भाग लेने वाले खिलाड़ी है विधि विजयवर्गीय, वी संभवि, मिया अलापट्ट, जस्मीत कौर, ह्दया मंडल, मेघा सोनी, आर्या सेठी, आराध्या सोनी, रूद्र शर्मा, प्रणव निर्मलकर, युवराज गोगोई, वीरभद्र प्रकाश पैकरा, अर्नव यादव, दीपेंद्र चंद्रा, अद्विवतीय यादव, अगस्त्य शर्मा, अवनि शर्मा और नेवान आर. पिछ्ले टीम को जिला जू-जित्सु संघ कोरबा के अध्यक्ष एवं हेड कोच एनआईएस प्रेमराज बंजारे के नेतृत्व में तथा कोच एवं टीम मैनेजर स्नेहा बंजारे के साथ रवाना किया। इस अवसर पर जू-जित्सु एसोसिएशन ऑफ कोरबा के प्रभारी अविनाश बंजारे ने बताया कि सभी खिलाड़ी लगातार मेहनत व अनुशासन के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है।

## जेंजरा में कांग्रेसी देंगे धरना

**कोरबा।** सड़क की दशा खराब होने एवं लगातार हो रही दुर्घटनाओं को देखते हुए कांग्रेसियों ने सड़क निर्माण की मांग को लेकर आज जेंजरा में धरना देंगे। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता हरिश परसाई, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रभा कंवर, महामंत्री भुनेश्वरी देवी सहित अनेको कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए कांग्रेस ग्रामीण के जिलाध्यक्ष मनोज चौहान ने बताया कि सड़क की दशा सुधारने के लिए काफी लंबे समय से प्रयास किये जा रहे है। लगातार दुर्घटनाएं भी बढ़ती जा रही है, लोगों को हो रही परेशानी को देखते हुए कांग्रेस के द्वारा लगातार मांग करते रहे है। आज जेंजरा में होने वाले धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में सभी क्षेत्रों के कांग्रेसियों को बुलाया गया है। दीपका ब्लाक से दिलीप सिंह, विशाल शुक्ला, बांकी ब्लाक से टीकाराम मनहर, कृष्णा दास, फिरोज अनंत, कटघोरा ग्रामीण से गोरेलाल यादव, रामपुर विधानसभा क्षेत्र से प्रवीण ओगरे, गणेश बघेल सहित अनेको कार्यकर्ता शामिल होंगे।

## बीकेकेएमएस की बैठक में होगी कई मुद्दों पर चर्चा

**कोरबा।** भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन मानिकपुर की आईआर बैठक 11 नवंबर को आयोजित की गई है। जिसमें पेयजल की समस्या पर चर्चा की जायेगी। पाईप लाईन बिछने के बाद भी अभी तक पेयजल आपूर्ति शुरू नहीं हो सका है। इसके अलावा मानिकपुर से लेकर जीएम ऑफिस तक सड़क निर्माण करने की मांग लगातार की जा रही है। कालोनी में साफ-सफाई की व्यवस्था भी लचर है। इसके अलावा कोयला कामगारों की प्रमोशन का मुद्दा भी लंबित है। इन सभी मुद्दों पर शैलेंद्र सिंह, संजय सिंह, नलिंद्र पवार, मिनीलाल साहू अपनी बातों को प्रबंधन के सामने रखेंगे।

## मण्डलों में लगेगी भाजपा की कार्यशाला

**कोरबा।** एसआईआर को लेकर मण्डलों में भाजपा की कार्यशाला शुरू हो गई है। आज भिलाईबाजार मण्डल में आयोजित कार्यक्रम में दीपका नपा अध्यक्ष राजेंद्र राजपूत प्रभारी के रूप में उपस्थित रहेंगे। मण्डल अध्यक्ष दिनेश राठौर के द्वारा बैठक की तैयारी की जा रही है। इसी तरह चैतमा में भी प्रभारी हरिश थरवानी कार्यकर्ताओं को जानकारी देंगे। दर्री मण्डल में मनोज लहरे, किशोर साहू व अंजय अग्रवाल के द्वारा तैयारी की जा रही है। कोसाबाड़ी नगर मण्डल के अध्यक्ष राजेश राठौर ने जानकारी देते हुए बताया कि अब सभी बुथों में प्रभारी बनाये जा रहे है। सभी बुथों के कार्यकर्ता लोगों से मुलाकात करेंगे। उरगा मंडल की प्रतिमा सोनवानी ने बताया कि यहां की बैठक कल ली गई है, जिसमें सभी कार्यकर्ताओं को जवाब दारी दी गई है।

## पीजी कॉलेज बना विजेता

**कोरबा।** कोरबा में परिक्षेत्र स्तरीय महिला वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय में किया गया, जिसमें जिले के 6 कॉलेजों की टीम ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेंद्र सिंह और क्रिड़ा समिति के सदस्यों ने किया। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों का उत्सात वर्धन करते हुए कहा कि खेल शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ आत्म विश्वास और निष्पक्ष खेल भावना को बढ़ावा देते है। फायनल मुकाबला मिनीमाता कॉलेज औ पीजी कॉलेज के बीच खेला गया।

## जीवन में अच्छे चरित्र व राष्ट्रीयता की भावना विकसीत करें



**कोरबा।** हम सभी अपने जीवन में अध्ययन-अध्यापन के साथ अच्छे चरित्र और राष्ट्रीयता की भावना भी विकसित करें। अपनी सांस्कृतिक विरासत को जानें और अपने आत्मसात करें। वंदे मातरम् का गौरवशाली इतिहास भी एक ऐसी ही अमूल्य विरासत है, जिसकी 150वीं वर्षगांठ पर देशभर में मनाया जा रहा उत्सव भी एक ऐसा ही अवसर है। आज हम सब भारत की एकता और अखंडता के परिचायक रहे अपने राष्ट्रगीत वंदे मातरम के मधुर और गौरवान्वित करने वाले सुरों में एक्य होकर वही भावना प्रस्तुत कर रहे हैं। यह बातें शनिवार को कमला नेहरु महाविद्यालय कोरबा में राष्ट्रगीत वंदेमातरम की 150वीं वर्षगाँठ के अवसर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ प्रशांत बोपापुरकर ने कहीं। देश के महा उत्सव की तर्ज पर वंदेमातरम 150 वी वर्षगाँठ देशभर में मनाया जा रहा है। इस उत्सव के प्रथम चरण में अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं, जिसके अंतर्गत महाविद्यालय के शिक्षा संकाय स्थित सभाकक्ष में दोपहर एक बजे प्राध्यापकों, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा वंदेमातरम का सामूहिक गान किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रुप से सहायक प्राध्यापक अजय मिश्रा, वायके तिवारी, डॉ भारती कुलदीप, टीव्ही नरसिम्हम, बृजेश तिवारी, डॉ रश्मि शुक्ला, आशुतोष शर्मा, गोविंद माधव उपाध्याय, राकेश गौतम, ओपी साहू, अंजू खेस, नीतीश यादव उपस्थित रहे। महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक वायके तिवारी ने बताया कि कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा के निर्देशानुसार वंदेमातरम 150 वी वर्षगाँठ के अवसर पर विभिन्न चरणों मे कार्यक्रम का आयोजन होना है। 7 से 14 नवंबर तक स्कूलों, गांव-गांव एवं शासकीय-निजी कार्यालयों में वंदेमातरम गीत गाया जा रहा है। इसके बाद 19 से 26 जनवरी तक गणतंत्र दिवस समारोह तक दूसरा चरण, 7 से 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस तक तीसरा चरण और फिर 1 से 7 नवंबर 2026 तक अंतिम चरण आयोजित किए जाएंगे



स्कूली बच्चों से लकड़ी के गोले को हटवाया शिक्षकों ने

**कोरबा।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोथारी में स्कूल के शिक्षकों द्वारा बच्चों से काम कराया जा रहा है, यहां पर बड़ी संख्या में पेड़ों की कटाई हुई है। जिसके गोले को बच्चों के द्वारा हटाये जाने पर अभिभावकों ने आपत्ति जताई है और कहा है कि वे अपने बच्चों को स्कूल पढ़ाई के लिए भेजते है न की काम कराने के लिए। उन्होंने इसकी शिकायत करते हुए अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की है साथ ही यह भी आरोप लगाया है कि स्कूल के शिक्षक समय पर विद्यालय नहीं पहुंचते। प्रार्थना के दौरान उनकी अनुपस्थिति सदैव बनी रहती है।

## लोकतंत्र की सशक्त नींव है सक्रिय मतदाता: हर्षिता




**कोरबा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रवाद और लोकतंत्र की सशक्त धारा को आगे बढ़ाने वाली भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार द्वारा देशभर में निर्वाचन मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में भाजपा जिला कोरबा के कार्यकर्ताओं को इस जनहितकारी प्रक्रिया से जोड़ने और इसके तकनीकी पहलुओं से अवगत कराने के उद्देश्य से एक कार्यशाला का आयोजन जिला भाजपा कार्यालय, टी.पी. नगर कोरबा में किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश मंत्री श्रीमती हर्षिता पांडेय एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने की।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती हर्षिता पांडेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार पारदर्शी, सशक्त और सहभागी लोकतंत्र की दिशा में कार्य कर रही है। मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान यह सुनिश्चित करेगा कि कोई भी पात्र नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न रहे। यह अभियान केवल संगठनात्मक नहीं, बल्कि लोकतंत्र के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता को इस अभियान में पूरी निष्ठा, अनुशासन और समर्पण से जुड़कर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता राष्ट्रसेवा की भावना से प्रेरित होकर लोकतंत्र की नींव को मजबूत करने में अपना योगदान दे रहा है। मतदाता सूची पुनरीक्षण केवल तकनीकी कार्य नहीं, बल्कि यह राष्ट्रनिर्माण की दिशा में हर नागरिक को जोड़ने का अभियान है। कार्यशाला में जिलेभर से बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। इस अवसर पर एम.आई.सी.सदस्य हितानंद अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष मंजू सिंह, रुकमणी नायर, जिला मीडिया प्रभारी अर्जुन गुप्ता, योगेश मिश्रा, डिलेन्द्र यादव, परविंदर सिंह, रामशंकर साहू, राहुल नवनीत शुक्ला, उत्तम जायसवाल (रीपू), सूरज पांडेय, प्रदीप सिंह, प्रमीला सागर, सुकेश दलाल, नवीन जायसवाल, राजेन्द्र राजपूत, विजय गुप्ता सहित भाजपा कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## सामुदायिक भवन बनाने प्रस्ताव पारित

**कोरबा।** एसईलएल सुभाष ब्लाक सतनाम प्रांगण में सामुदायिक भवन व मंच बनाने के लिए प्रस्ताव पारित हो चुका है। 15 लाख की लागत से इस भवन का निर्माण किया जायेगा। प्रदेश के मंत्री लखन देवांगन के सामने यह प्रस्ताव रखा गया था। सतनाम समिति के सुशील गर्ग, दुजराम, डहारू राम, विजय मिरी, ताराचंद सहित अन्य सदस्यों ने मांग की थी कि जैतस्तंभ के निकट भवन का निर्माण जरूरी है। कार्यक्रम आयोजित करने के लिए भवन नहीं होने से लोगों को काफी परेशानी होती है। कई बार पानी गिरने से कार्यक्रम प्रभावित होते है। 15 लाख की लागत से भवन का निर्माण किया जायेगा। जिसके लिए स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।

## मुड़ापार में साफ सफाई का अभाव

**कोरबा।** नगर पालिक निगम के वार्ड क्रमांक-29 मुड़ापार में ठेकेदार द्वारा साफ-सफाई के प्रति उदासिनता बरती जा रही है, जिसके कारण जगह-जगह कचरों का ढेर लगा हुआ है।

## आवास आबंटन को लेकर हुई चर्चा

**कोरबा।** एसईसीएल गेवरा परियोजना में हाउसिंग कमेटी की बैठक हुई, जिसमें प्रबंधन के साथ आवास आबंटन को लेकर चर्चा की गई। गेवरा में आवास की समस्या मुख्य समस्या रही है। बाहर से कर्मचारी स्थानांतरण होकर यहां आ रहे है और उन्हें आवास पाने के लिए काफी मशक्कत करना पड़ रहा है। कई ऐसे काम है जो पदोन्नति होने के बाद सुविधा के अनुसार आवास चाहते है।

फ्लैट बेचना है
बुधवारी बाजार घंटाघर रोड स्थित पावर हाइट सोसायटी में 3 बीएचके सेमी फर्निश्ड फ्लैट बेचना है।
संपर्क करें
8770934804







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com